हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 7 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

12 भाजपा पार्षदों ने एसपी से कहा खुलेआम बिक रहा सूखा नशा



13 आपसी सौहार्द और समन्वय से होगा संगठन चुनावः भूपेन्द्र





## खबर संक्षेप

### सहायक उप निरीक्षक सोनकर लाइन अटैच

**भिलाई।** संतोषप्रद काम नहीं होने से आईजी रामगोपाल गर्ग ने खुर्सीपार में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक करण सोनकर को लाइन अटैच किया है। आईजी के निरीक्षण के दौरान अनुविभाग के अधीनस्थ सभी थानों के लंबित अपराध, मर्ग और चालान मामलों की समीक्षा की गई। निरीक्षण में थाना खुर्सीपार में लंबित अपराध की विवेचना में सहायक उप निरीक्षक करण सोनकर की कार्यप्रणाली संतोषप्रद नहीं पाई गई। उनका रवैया कार्य के प्रति उदासीन प्रतीत होने से खुर्सीपार से उसे हटाकर पुलिस लाइन दुर्ग में पदस्थ किया गया है। आईजी ने कहा है कि काम में किसी भी प्रकार का कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### जुआरी गिरफ्तार

**अंडा।** जुआ खेलते पुलिस ने 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट की कार्रवाई की है। अंडा पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग की टीम ने जुआ खेलने की सूचना पर ग्राम विनायकपुर तालाब के पास दबिश दिया। जहां से संजय पटेल ,रामेश्वर निषाद ,गजाधर फीवर , ग्राम विनायकपुर नेम सिंह खरे, श्रवण निषाद ,मंगलू देवांगन सभी जुआरी ग्राम विनायकपुर के रहने वाले है। जुआरियों से नगदी 1300 रुपए और ताश पत्ती जब्त किया है।

### अधीक्षक की सेवा समाप्त

**भिलाई।** शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर फरीद नगर कोहका स्थित संदीपनी बालक आवासीय हास्टल अधीक्षक की सेवा कलेक्टर ने समाप्ति का आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के मुताबिक कलेक्टर व जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा शिक्षा जिला दुर्ग ने अधीक्षक धरमजीत साहू का सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। जिसमें उल्लेख है कि धरमजीत साहू से 14 अक्टूबर से स्पष्टीकरण मांगा गया था। जिस पर 17 अक्टूबर को अधीक्षक द्वारा अपना स्पष्टीकरण दिया गया था। धरमजीत संदीपनी बालक आवासीय छात्रावास फरीद नगर कोहका का जवाब उचित समाधान कारक व संतोषप्रद नहीं पाया गया। धरमजीत छग सिविल सेवा आचरण नियम तथा संविदा सेवा भर्ती 212 के निहित प्रावधान के अनुसार संविदा सेवा तुरंत प्रभाव से समाप्त करने का आदेश 5 नवम्बर को जारी कर दिया है।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर की मारपीट, केस दर्ज

भिलाई। शराब पीने रुपए नहीं देने पर मारपीट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि श्याम चौक कृष्णा नगर निवासी सम्यक वाहने से विशेष चौहान अपने दो दोस्त के साथ मिलकर शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर रहा था। पीड़ित के इंकार करने पर तीनों युवकों ने मिलकर मारपीट करने लगे। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी विशेष चौहान, दो अपचारी बालको को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

# मरम्मत के नाम पर स्कूलों में घटिया निर्माण, 17 से ज्यादा ठेकेदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸दुर्ग

जिले में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत मरम्मत कराए गए स्कूलों में घटिया निर्माण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा गठित टीम ने इस मामले की जांच की। इसमें डेढ़ दर्जन से अधिक स्कूल का निर्माण निम्न स्तर का पाया गया है। इस रिपोर्ट के बाद कलेक्टर के निर्देश पर ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर कराई गई जांच में पाया गया कि ठेकेदार ने टाइल्स घटिया स्तर का लगाया था। वहीं छत की मरम्मत के बाद भी सीपेज की समस्या बनी हुई थी। डीईओ अरविंद मिश्रा ने बताया कि इस तरह के हालात सामने आने के बाद नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के जवाब के बाद ठेकेदारों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा पिछले वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूलों की मरम्मत के निर्देश दिए गए थे। राज्य शासन के निर्देश पर बाकायदा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा करीब 780 स्कूलों के लिए 47 करोड़ रुपए खर्च करने की स्वीकृति भी दे दी गई। लेकिन निकायों और आरईएस विभाग की लापरवाही के कारण खंडहर स्कूलों की समय पर मरम्मत नहीं हो पाया। इसके कारण कंडम स्कूल में बच्चे पढ़ने मजबूर हैं।

## लीपापोती : 17 स्कूलों के मेंटेनेंस में गड़बड़ी, जांच में खुलासा

### पिछली सरकार ने जारी की थी मरम्मत के लिए राशि

जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के 710 और समग्र शिक्षा के अधीन करीब 70 स्कूलों के मरम्मत कराए जाने के लिए 46 करोड़ 79 लाख रुपए का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था। इसकी स्वीकृति भी जारी कर दी गई थी। पिछले ग्रीष्मकाल यानी 2023 में यह स्वीकृति जारी की गई। यही नहीं स्कूल मरम्मत के आलावा अतिरिक्त कक्ष बनाने के लिए 72 प्रस्ताव भेजे गए थे। इसमें अब तक 33 कमरा नहीं बन पाए हैं।



### 47 करोड़ रुपए का हो चुका है भुगतान

जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए एजेंसी नगर निगम और आरईएस को बनाया गया है। शिक्षा विभाग की मानें तो स्वीकृत किए गए सभी स्कूलों की मरम्मत का काम पूरा हो चुका है। वहीं गड़बड़ी मिलने वाले स्कूलों की राशि ठेकेदार को जारी नहीं की गई है। इस बात का उल्लेख नोटिस में भी किया गया है। शिक्षा विभाग के अफसरों से जानकारी लेने पर बताया कि जिला पंचायत सीईओ को रिपोर्ट दी गई थी। उन्होंने कलेक्टर को रिपोर्ट भेजी। इसके बाद ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया।

### अब तक मरम्मत कार्य पूरा नहीं

दुर्ग शहर के महात्मा गांधी स्कूल में अब तक निर्माण पूरा नहीं किया गया है। स्कूल के कमरे में न ही दरवाजा हैं और न ही बिजली व पंखा हैं। इसके अलावा मरम्मत कार्य भी पूरा नहीं किया गया है। प्रचार्य अग्रवाल ने बताया कि धीरे-धीरे मरम्मत कार्य हो रहा है। यही हाल शहर के अन्य स्कूलों का भी हैं। बता दें कि नगरनिगम दुर्ग द्वारा स्कूलों की मरम्मत के लिए बगैर टेंडर के ही कार्य बांट दिया गया था। इसे लेकर खासी चर्चा भी रही, बावजूद इस पर कहीं किसी प्रकार की जांच या कार्रवाई नहीं हुई।

### ठेकेदारों को जारी किया गया है नोटिस

“ जांच टीम द्वारा करीब 17 स्कूलों की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी है। इसमें सुधार करने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में नोटिस भी जारी किया गया है। - **अरविंद मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

विधायक रिकेश सेन ने की पहल, कहा- भोजपुरी गायिका पद्म विभूषण शारदा सिन्हा की प्रतिमा भी लगेगी

# बिहार की स्वर कोकिला शारदा के नाम से पहचाना जाएगा कुरुद तालाब, विधायक ने की सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

भोजपुरी लोक गायिका और बिहार की स्वर कोकिला के नाम से मशहूर गायिका शारदा सिन्हा का निधन हो गया। मंगलवार की रात करीब 9:20 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। भिलाई में बड़ी संख्या में यूपी और बिहार से आकर लोग बसे हैं। उनका शारदा सिन्हा की गायिका से खासा लगाव रहा। शारदा सिन्हा छठ से जुड़े गाने ज्यादा गाया करती थीं, उनका निधन ऐन छठ त्योहार के समय हुआ। इस वजह से लोगों को ज्यादा दुख लगा। भिलाई शहर में भी अचानक हुई घटना से आहत हैं। इस बीच वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने बड़ी घोषणा की है, उन्होंने कुरुद के नकटा तालाब का नाम शारदा सिन्हा के नाम पर किए जाने की घोषणा की है। साथ ही तालाब के सौंदर्यीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 1 करोड़ रुपए अपनी निधि से खर्च किए जाने की बात कही है। इतना ही नहीं उनकी प्रतिमा भी तालाब के नजदीक स्थापित किए जाने का निर्णय लिया है। विधायक रिकेश ने बताया कि शारदा सिन्हा लंबे समय से बोन मैरो कैंसर से जूझ रही थीं। इस कारण बीते दिनों उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भोजपुरी गीतों के आलावा विशेषकर छठ मैया के गीतों के माध्यम से पूरे भारतवर्ष में शारदा सिन्हा के गीतों बिना छठ पूजा अधूरी सी लगती है। बता दें कि रिकेश ने पिछले दिनों अपनी पुस्तैनी जमीन बेचकर बैकुंठधाम का सूर्यकुण्ड सरोवर निर्माण करवाया है। अब शारदा सिन्हा के नाम से तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए अपनी विधायक निधि से राशि दिए जाने की घोषणा की है। इसके बाद से वे चर्चा में हैं।

इधर नकटा तालाब का नाम बदले जाने से स्थानीय विशेष रूप से छत्तीसगढ़िया लोगों के निशाने पर हैं। उन्होंने इसका आलोचना शुरू कर दी है। विधायक रिकेश ने बताया कि तालाब के नामकरण को लेकर भिलाई निगम जल्द ही प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजेगा। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।

पुराना नकटा तालाब



नामकरण के बाद तालाब का दृश्य



### विधायक ने किया कुरुद तालाब का निरीक्षण, दो महीने में बदलेगी तस्वीर

विधायक रिकेश कुरूद के नकटा तालाब पहुंचे। छठ पूजा से पहले उन्होंने तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि तालाब किसी जाति या धर्म विशेष के नहीं होते। विकास के मामलों में राजनीति की गलत परंपरा का मैं पक्षधर नहीं हूं, क्योंकि पार्षद रहते हुए मैंने महसूस किया कि कई मुद्दों में ऐसा होने से ही कहीं न कहीं कुछ क्षेत्र पिछड़ जाते हैं। रिकेश ने स्थल निरीक्षण के बाद कहा कि दो महीने पहले तक यह तालाब जलकुंभी और गंदगी से अटा हुआ था। इस तालाब को छठ पूजन के लिए साफ कराया गया। प्रकाश व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि यहां जल्द ही वॉटर रिचार्ज और बोटिंग की सुविधा शुरू की जाएगी। ताकि छठ सहित सभी त्योहारों पर तालाब का उपयोग हो सके। तालाब को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। हाईमास्ट लाइट लगाई जाएगी।

### शारदा सिन्हा बिहार और यूपी की सबसे प्रसिद्ध लोक गायिका

शारदा सिन्हा बिहार और उत्तर प्रदेश के सबसे प्रसिद्ध लोक गायिका रहीं। शारदा सिन्हा का जन्म बिहार के सुपौल जिला के हुलास गांव में 1 अक्टूबर 1952 में हुआ। शारदा का 1970 में बेगूसराय के सिमहा गांव के रहने वाले बिहार शिक्षा सेवा के अधिकारी ब्रजकिशोर सिन्हा से विवाह हुआ। इसी वर्ष 22 सितंबर को निधन ब्रजकिशोर का निधन हुआ। शारदा सिन्हा खुद प्रोफेसर थीं और 5 साल पहले वह रिटायर हुई हैं। कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए..., केलवा के पात पर उगेलन सुरुजमल झांके झुके..., उग हो सूरज देव,उगिहें सूरज गोसइयां हो...,पहिले पहिल हम कईनी..., छठी मईया व्रत तोहार..., रुनकी झुनकी बेटी मांगीला, पढ़ल पंडितवा दामाद...,छठ पूजा के अवसर पर शारदा सिन्हा के यह लोकप्रिय गीत त्यौहार में रंग भर देते हैं।

### कोई विवाद नहीं, आपत्ति आएगी तो विचार करेंगे

छत्तीसगढ़ी में नकटा का क्या अर्थ है, वह सभी जानते हैं, इसलिए एक नाम देना भी बड़ा आवश्यक था। इसलिए शारदा सरोवर नाम रखने का विचार आया। मुझे ऐसा लगता कुछ लोगों की आपत्ति आएगी, यदि आती है तो उस पर भी विचार किया जाएगा। फिलहाल कोई विवाद नहीं है। किसी का विरोध हो ऐसा काम नहीं होगा।



- **रिकेश सेन,** विधायक वैशालीनगर

# मुड़पार में बिजली करंट लगने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

घर के बाहर का नाली सफाई करते बिजली करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम मुड़पार निवासी मिथुन नामक युवक सोमवार को घर के बाहर बने बने नाली की सफाई कर रहा था। नाली के पास ही बिजली कंपनी का ट्रांसफार्मर भी लगा हुआ है। सफाई के दौरान मिथुन ने ध्यान नहीं दिया और ट्रांसफार्मर के खुले तार की चपेट में आ गया। करंट लगने पर उसे गंभीर अवस्था में परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को मिथुन के शव का पीएम कराया गया। उसके बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। इसके पूर्व भी बिजली करंट की चपेट में आने से बंदर और गाय की मौत हो गई थी।

■ नाली की सफाई के समय हादसा, पुलिस कर रही जांच

मोहल्ले के लोगों के अनुसार कुछ दिन पहले ही वहां पर लगे ट्रांसफार्मर की खुली तार की चपेट में एक बंदर और गाय आ गई थी। करंट लगने से बंदर और गाय दोनों की मौत हो गई थी। इसके बाद भी बिजली विभाग के जिम्मेदार आधिकारियों की आंख नहीं खुली।

## मवेशी से अश्लील हरकत,आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

मवेशी से अश्लील हरकत करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना को अंजाम देने वाला युवक शराब के नशे में था।आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मंगलवार को वैशाली नगर निवासी जालंधर शराब के नशे में प्रियदर्शिनी परिसर की तरफ गया। सुनसान एरिया देखकर आसपास घूम रही एक मवेशी के साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। इसी दौरान किसी ने जलंधर मवेशी के साथ अश्लील हरकत करते देखते ही उसे पकड़ लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को थाने लेकर आई और कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया।

■ घटना समय आरोपी नशे की हालत में था

## भारी वाहन से टकराई कार, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

सड़क पर खड़े भारी वाहन से चार पहिया वाहन टकरा गई। हादसे में एक की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रुप से घायल है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 285, 106 (1), बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि दुर्ग धमधा सड़क पर जयश्री राइस मिल के समीप सड़क पर एक भारी वाहन खड़ी थी। चार पहिया वाहन तेज रफ्तार से आ रही थी। वाहन के जोरदार ठोकर मारने से ग्राम बसनी धमधा निवासी रेखचंद साहू अपने दोस्त उदय कुमार निषाद के साथ अपने गांव से जामुल अस्पताल चार पहिया वाहन सीजी 7 बीबी 2636 को चलाते हुए जा रहा था। इस दौरान उक्त राइस मिल के पास सीजी 8 बी 2791 के चालक ने सड़क किनारे बिना इंडिकेटर जलाए चालक वाहन को खड़ा किया था। जिसके कारण रेखचंद और उदय कुमार अपने वाहन से टकरा गए। हादसे में चार पहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। जहां डॉक्टर ने रेखचंद साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा उदय का उपचार जारी है।

## शटर तोड़कर चोरी, गिरफ्तार

**भिलाई।** दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। अंडा पुलिस ने बताया कि राजेश ट्रेडर्स के शटर को उखाड़कर भीतर प्रवेश कर चोरी करने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना और सीसी कैमरे का फुटेज खंगालने पर सुराग पुलिस के हाथ लगा। मुखबिर की सूचना पर बुडौरा कुमहापुर थाना प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी अरमान खान को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि वर्तमान में ग्राम चुनकट्टा उतई में रहता है। घटना को अपचारी बालक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। अब तक गुण्डरदेही, रनचिरई, बालोद, थनौद थाना क्षेत्र में भी कई चोरियां की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लोहे के सब्बल को जब्त किया है।



## महिलाएं आज डूबते सूर्य को देंगी अर्घ्य...



भिलाई। छठ पर्व के लिए ट्विनसिटी सज-धजकर तैयार हो गई। बुधवार की सुबह महिलाओं ने उपवास शुरू किया। पूरे दिन निर्जला उपवास करने के बाद शाम को उन्होंने खरना खाया। इसके बाद पुन: उपवास में जुट गईं। गुरुवार यानी 7 नवंबर की शाम वे डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी, वहीं अगले दिन 8 नवंबर की सुबह तालाब पहुंचकर उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसे लेकर दुर्ग-भिलाई के 20 से ज्यादा तालाबों में तैयारी गई है। वेदी सजाई गई हैं। बेहतर प्रकाश व्यवस्था की गई है। 7 नवंबर की सुबह से इन तालाबों के आसपास चहल-पहल बढ़ जाएगी। पूरे दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन होना है।

## मौसम में बदलवा : उत्तर पश्चिम से आने वाली ठंडी हवाओं का बढ़ रहा असर

# पांच दिन में 5 डिग्री तक नीचे आया पारा, बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

जिले में ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह और रात में गुलाबी ठंड महसूस की जा रही है। जिले में बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान जहां 32.6 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0.4 डिग्री कम रहा। इस प्रकार जिले में पिछले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब 5 डिग्री की गिरावट आई है। 1 नवंबर को जिले का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.5 डिग्री ज्यादा था। वहीं बुधवार को यह 18.4 डिग्री रहा। इस प्रकार पांच दिनों में पांच डिग्री का अंतर आया। दिन के तापमान में बहुत अधिक अंतर नहीं रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 1 नवंबर को जिले का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री रहा। पिछले दिनों बने चक्रवाती घेरे की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। आगामी दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट आएगी। जिले में उत्तर पश्चिम से आने वाली हवा का असर शुरू हो गया है। इस वजह से पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। वहीं शहर के आउटर इलाकों में सामान्य ठंड महसूस की जा रही है।



### आज से तेजी से लुढ़केगा पारा, ठंड बढ़ने के आसार बन रहे

दुर्ग सहित आसपास के अन्य मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 6 नवंबर को तापमान में गिरावट आएगी। अगले 7 दिन मौसम में ठंडकता बढ़ने की संभावना है। 5 नवंबर की रात से ही तापमान में गिरावट आ सकती है। तूफान दाना का असर खत्म होने के बाद भी कई जिलों में बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान बढ़ा रहा। बादल छंटने के साथ ही ठंड का असर दिखने लगा है। सुबह और शाम के समय गुलाबी ठंड महसूस की जा रही है। हालांकि दिन के तापमान में अब भी ठहराव की स्थिति है।

### सुबह 6 बजे निकल रहा सूरज, शाम को 6 बजे डूब रहा

मौसम विभाग के मुताबिक सूर्य के उगने और डूबने के समय में भी खासा परिवर्तन आया है। सुबह करीब 6.08 बजे सूर्य निकल रहा है, वहीं शाम को 6 बजे तक अंधेरा छा रहा है। शाम करीब 5.28 बजे तक सूर्य डूब जा रहा है। सूरज की तपिश भी कम होने लगी है। इस वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 15 नवंबर तक जिले में ठंड का असर बढ़ने की संभावना है। पड़ोसी जिले राजनांदगांव और बालोद में ठंड का असर ज्यादा महसूस किया जा रहा है।

### चक्रवाती तूफान की वजह से ठंड में हुई देरी

मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में अब तक ठंड की दस्तक हो जानी चाहिए थी, लेकिन बीते दिनों ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आए चक्रवाती तूफान दाना के कारण सर्दी की दस्तक होने में देरी हुई। चक्रवाती तूफान के कारण ठंडी हवा का उत्तर भारत में प्रवेश रुक गया। इस कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट नहीं हुई। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में दाना का असर खत्म हो गया है। आसमान साफ हो चुका है। अब तापमान में गिरावट का दौर शुरू होगा। आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के नीचे पहुंचने की संभावना बनी हुई है।

## ब्लेकमेल करने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** ब्लैकमेल करने वाले के खिलाफ पुलिस ने धारा 308 (3)के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि आरोग्य अस्पताल कादंबरी नगर बाईपास दुर्ग प्रबंधक के रुप में कविता दारूका पति डॉक्टर नवीन दारूका है। साल भर पहले इंदिरा मार्केट दुर्ग निवासी राकेश तंबोली नामक व्यक्ति अस्पताल में पहुचा। आरोग्यम अस्पताल के मरीजों से पूछताछ करने लगा। जब अस्पताल कर्मियों ने आपत्ति करने पर आरटीआई के तहत मरीजों के बेड में उपस्थित के रजिस्टर की मांग करने लगा। इसके बाद 50 हजार रुपए का डिमांड करने लगा। इस दौरान राकेश तंबोली ने अपने यूट्यूब पर अस्पताल के खिलाफ मनगढ़ंत खबर दिखाया और खबर प्रकाशित किया। राकेश स्वयं को मीडिया कर्मी बता रहा था। खबर रोकने के लिए ढाई लाख रुपए की डिमांड करने लगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### निगम आयुक्त ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

**दुर्ग।** नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सुबह पटरी पार क्षेत्र में धमधा नाका एस एल आर एम सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था प्रतिदिन रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चौक चौराहों में बने प्रतीक्षालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने कहा कि यात्री प्रतीक्षालय में हजारों यात्री कुछ समय के लिए यहां प्रतिदिन ठहरते हैं और अपने गंतव्य की ओर निकल जाते हैं। इस दौरान यात्री कुछ खाद्य सामग्री का भी उपयोग करते हैं, जिसे देखते हुए व्यापक सफाई तथा डस्टबिन रखना भी नियमित रूप से अनिवार्य है। इसके लिए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने पटरी पार वार्ड क्षेत्र के चौक चौराहों व गलियों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान शिवनाथ नदी पहुँचकर शिवनाथ नदी तट की विशेष सफाई अभियान कार्य भी देखा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता मोहन पुरी गोस्वामी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शौएब अहमद, पीआईयू कुणाल, राहुल आदि मौजूद रहे।

### सफाई व्यवस्था सिर्फ कागजों तक : डॉ प्रतीक

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से नगर निगम की लचर सफाई व्यवस्था पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दीपावली त्योहार बीत जाने के बाद भी दुर्ग नगर निगम द्वारा वार्डों में साफ-सफाई नहीं करायी गई है। शहर के वार्डों में जगह-जगह कचरे का अंबार लगा है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। दुर्ग नगर निगम की तरफ से साफ-सफाई के तमाम दावे किये जाते हैं मगर यह दावे महज एक झूठ बनकर रह गए है। इसी के चलते दीपावली त्योहार बीत जाने के बाद भी शहर भर में जगह-जगह कचरे का अंबार लगा है। आलम यह है कि कॉलोनी और सड़कों पर कहीं पटाखे का कचरा फैला हुआ है तो कहीं खाने पीने की प्लेट का कचरा है। कुछ इलाकों में ही थोड़ी बहुत सफाई कर दुर्ग नगर निगम अपने काम की इतिश्री कर लेता है। दुर्ग के अंदर के मोहल्लों का और बुरा हाल है। पूर्व एल्डरमैन ने इस विषय पर तत्काल संज्ञान लेकर दुर्ग में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से किया है।

### आज से मानपुर बंद

**मानपुर।** नेशनल हाईवे निर्माण ठेकेदार द्वारा की जा रही लापरवाही की वजह से स्थानीय व्यापारियों एवं आमजनों को धूल एवं अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर स्थानीय व्यापारियों द्वारा अनिश्चितकालीन मानपुर बंद एवं धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया है।
व्यापारियों ने कहा कि नेशनल हाईवे 930 निर्माण में ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण आमजन एवं व्यपारियों को अत्याधिक धूल एवं अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा शहर के बीचों-बीच सड़क की खुदाई कर दी गई है। जिसके चलते धूल के गुबार उड़ रहे हैं। स्थानीय लोंगों ने मांग की है कि ठेकेदार और प्रशासन द्वारा शीघ्र ही कोई समाधान निकाला जाए।

# सत्यापन का कार्य पूर्ण कराए, पाइप लाइन की मानिटरिंग करें एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने टीएल की बैठक में धान खरीदी हेतु गिरदावरी सत्यापन कार्य आगामी नौ नवंबर के पहले किए जाने के निर्देश दिए। वही उन्होने गैस पाइल पाइन में किसी भी तरह की परेशानी नही आने की बात एसडीएम से की है। इसके आलावा उन्होन आयुष्मान कार्ड के लिए दुबारा शिविर लगाने और लंबित प्रकरणों को निपटारा किए जाने के निर्देश दिए।

गिरदावरी सत्यापन के लिए जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे 9 नवंबर 2024 के पहले सत्यापन कार्य पूर्ण कराये। इसमें ग्राम पंचायत के सचिवों की भी ड्यूटी लगी है। सभी जनपद सीईओ को निर्धारित अवधि तक सत्यापन कराने कहा हैं। अवैध रूप से धान की ब्रिकी न हो इस हेतु समय पर गिरदावरी सत्यापन जरूरी है। उन्होंने खाद्य अधिकारी से समितिवार अनुमानित धान उत्पादन की जानकारी भी ली।

## कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों का निराकरण करने निर्देश

### पशु संगणना की जानकारी पहुंचाए

कलेक्टर ने भारत सरकार की परियोजना के तहत नागपुर (महाराष्ट्र) से झारसुगुड़ा (उड़ीसा) गैस पाईप लाईन का विस्तार जिले से होकर किया जा रहा है। संबंधित एसडीएम गैस पाईप लाईन विस्तार कार्य में कहीं समस्याएं ना आए इस पर विशेष ध्यान देवे। यदि कोई आवेदक रिक्त पद पर नियुक्त नहीं होना चाहता तो उससे इस संबंध में लिखित आवेदन प्राप्त करे। पशु संगणना कार्य प्रारंभ होने वाला है, इसकी तिथि के संबंध में जानकारी पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद एवं अन्य विभागों के मैदानी अमले को भी अवगत कराई जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिला कार्यालय द्वारा जिन विभागों से एन.ओ.सी. मंगाई जाती है, इसकी उपलब्धता कराए।



### आयुष्मान कार्ड के लिए फिर लगेगा शिविर

कलेक्टर ने खाद्य तेलों की आपूर्ति हेतु जिले में ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने उद्यानिकी विभाग को मिले लक्ष्य पूर्ति हेतु उप संचालक कृषि को कृषकों को ऑयल पाम की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने पुनः डोर-टू-डोर अभियान चलाकर परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही वृद्धावस्था पेंशन के सभी हितग्राहियों का भी आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार लंबित पेंशन प्रकरण और स्कूल जतन योजना में पूर्ण कार्यों के लिए राशि की मांग शासन को प्रेषित करने कहा।

## शिकायत : शहर में बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर आक्रोशित दिखे भाजपाई

# भाजपा पार्षदों ने एसपी से कहा खुलेआम बिक रहा सूखा नशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में आय दिन मर्डर, चाकूबाजी से बिगडती कानून व्यवस्था को लेकर आक्रोशित पार्षदों ने विधायक के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान पार्षदों ने पुलिस को बताया कि, शहर में खुलेआम सूखा नशा और प्रतिबंधित टैबलेट का वितरण हो रहा है। पार्षदों ने पुलिस को ऐसे मामले में सक्त कार्यवाही किए जाने की मांग की हैं। साथ ही शहर के संदिग्ध इलाको में पेट्रोलिंग कराने भी कही गई हैं।

शहर में आय दिन अपराधिक प्रकरण में इजाफा हो रहा है। जिसे लेकर लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी सामने आ रही हैं। बुधवार को शहर में कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा पार्षदो और शहर के व्यापारियों की एसपी जितेन्द्र शुक्ला के साथ बैठक हुई। जिसमें पुलिसिंग गतिविधि को बढ़ाने और अपराध पर लगाम कसने कहा गया। इस दौरान विधायक गजेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। उन्होंने शहर में हो रही विभिन्न घटनाओं को भी जिक्र किया। विधायक ने कहा कि, नशाखोरी की रोकथाम के साथ ही सभी संदिग्ध स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ाए, हुड़दंग करने वालो पर सख्त कार्रवाई की जाए। विधायक ने कहा दुर्ग पुलिस की मुस्तैदी से कई बड़े घटनाओं पर नकेल कसा गया है और अपराधी गिरफ्त में आए है। उन्होंने एसपी शुक्ला से जनप्रतिनिधियों से तालमेल बनाकर शहर में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने कहा। पार्षद नरेश तेजवानी ने कहा कि, अपराधिक घटना में पुलिस सख्त कार्रवाई करे अपराधी के विरुद्ध भेदभाव न हो। इस दौरान पार्षद शिवेंद्र परिहार, कांशीराम कोसरे, गुड्डु यादव, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, गुलाब वर्मा, अरुण सिंह, नरेंद्र बंजारे, कविता टांडी आदि थे।

## विधायक गजेन्द्र यादव सहित पार्षद दल ने एसपी से की मुलाकात



### नशाखोरी से हो रहा विवाद

पार्षदों ने कहा कि, कई क्षेत्रों में लोग खुलेआम नशाखोरी करते है। जिसमें ज्यादातर युवा वर्ग है, इससे लड़ाई झगड़े होते है। ऐसे मामलो में त्वरित कार्रवाई हो, जिससे अनैतिक कार्य करने वालो में पुलिस का भय बना रहे। पार्षदों ने बीते दिनों हुई हत्या की घटना का जिक्र करते हुए पुलिसिंग गतिविधि को शहर के सभी वार्ड में बढ़ाने की मांग की, ताकी आम नागरिकों में किसी प्रकार का भय न बने।

### नागरिक भी सामने आए : एसपी

भाजपा पार्षदो के साथ बैठक में पार्षद देवनारायण चंद्राकर ने एसपी जीतेन्द्र शुक्ला को बताया कि, पटरीपार वार्ड में वार्डवासियों द्वारा रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रात्रि में दुर्गा मंच, शांति नगर एवं शक्ति नगर, तालाब पार एवं आस-पास के क्षेत्र जवाहर नगर खेल मैदान इन सभी जगहों पर रात्रि में आसामाजिक तत्वों का जमावड़ न हो। यहां शाम को प्रतिदिन पुलिस गस्त की मांग की। एसपी जीतेन्द्र शुक्ला ने कहा कि, आप सभी जनप्रतिनिधि अपने वार्ड में ऐसे ही रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये। अपराध को नियंत्रित करने नागरिकों की सहभागिता जरूरी है।

### कहा- नशे की गोली प्रतिबंध करे

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बैठक के दौरान पार्षदो ने कहा कि, शहर के कई क्षेत्रों में मेडिकल स्टोर्स में नशे की टैबलेट खुलेआम बिकती है। जिसे नियंत्रित करने पुलिस की सख़्ती जरूरी है। युवा वर्ग नशे की चपेट से दूर रहे, इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने एसपी जितेन्द्र शुक्ला से ऐसे मेडिकल संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की हैं। जिससे कम उम्र बच्चे इससे दूर हो सके। इस दौरान अशोक राठी, डॉ राहुल गुलाटी, श्याम शर्मा, महेंद्र लोढ़ा, दिलीप साहू, नरेश सिन्हा, जग्गी शर्मा, योगेंद्र साहू, डॉ देवनारायण तांडी बंटी चौहान, सोहन जैन, अनिकेत यादव, हिमांशु, शुभम साहू सहित भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# छात्रावास के अधीक्षक को कलेक्टर ने हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संदीपनी बालक आवासीय छात्रावास फरीदनगर कोहका के अधीक्षक धरमजीत साहू की कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने संविदा समाप्त कर दी है। इस मामले में उन पर लगे आरोप को लेकर उन्हें नोटिस जारी किया गया था। लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नही होने के कारण कलेक्टर ने मंगलवार को ही अधीक्षक को हटाने की कार्यवाही की हैं।

■ अधीक्षक की मिल रही थी लगातार शिकायत

भले ही कलेक्टर द्वारा कार्यवाही की गई है। लेकिन दूसरी तरफ समग्र शिक्षा द्वारा मानिटरिंग में लापरवाही बरती गई। यही कारण हैं कि अधीक्षक द्वारा मनमनी किया जाता रहा। छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ कई गंभीर शिकायते सामने आई थी। ज्यादा वे छात्रावास से गायब रहते थे। जानकारी अनुसार अधीक्षक की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने खुद ही छात्रावास का निरिक्षण विगत दिनों किया था। निरिक्षण के बाद अधीक्षक को विगत चौदह अक्टूबर को जवाब मांगा गया था। तीन दिन बाद अधीक्षक द्वारा दिए गए जवाब से संतोषजनक नही होने पर संविदा समाप्त करने की कार्यवाही की गई हैं। धरमजीत साहू का छग सिविल सेवा आचरण नियम तथा संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की कार्यवाही पांच नवंबर को हुई।

## राज पटेल समाज के अध्यक्ष बने गया पटेल

**दुर्ग।** पटेल भवन गया नगर दुर्ग में दुर्ग राज कोरिया पटेल समाज का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में दुर्ग उरला बघेरा सहित 42 गांव के पांचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें गया पटेल को 28 मत व मनरेंद्र पटेल को 21 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार 7 मतों से गया पटेल विजई हुए। विधिवत चुनाव संपन्न करने हेतु प्रदेश संगठन की ओर से चुनाव प्रभारी यज्ञदेव पटेल, दयाराम सूर्यवंशी, नीलकंठ पटेल, द्वारिका प्रसाद पटेल के द्वारा सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने हेतु अधिकृत किया गया था। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, इस अवसर पर पटेल समाज के पदाधिकारी व पंच खेलू पटेल, मनोहर पटेल, पंच पटेल, भारत पटेल, बजरंग पटेल, विजयंत पटेल, बृजलाल पटेल, भानु पटेल, राजू पटेल, कीर्तन पटेल, अमित पटेल, एवं विभिन्न गांव के पांच व समाज के महिला व युवा उपस्थित थे।



# ठाकुर बने छग बजरंग दल के सहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ बजरंग दल के विकास ठाकुर प्रदेश सहमंत्री बनाए गए है। उनकी यह नियुक्ति प्रदेश मंत्री कुणाल चालीसगाओंकर, प्रदेश अध्यक्ष गौतमचंद जैन व प्रदेश संयोजक रतन यादव के सहमति से की गई है। नवनियुक्त प्रदेश सहमंत्री विकास ठाकुर की नियुक्ति की घोषणा छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा आयोजित बैठक में की गई। नियुक्ति का सभी कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि व जयघोष से स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। बैठक में मौजूद छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रदेश संयोजक रतन यादव ने कहा कि संगठन का लगातार विस्तार किया जा रहा है। संगठन की बढ़ती लोकप्रियता से युवा खुद छत्तीसगढ़ बजरंग दल का हिस्सा बनते जा रहे है। संगठन से जुझारू व सक्रिय युवाओं को जोड़ा जा रहा है। संगठन का मुख्य उद्देश्य सेवा ,सुरक्षा व संस्कार है। जिसे मूर्तरुप देने हर एक बजरंगी कटिबद्ध है। श्री यादव ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों व आंदोलन की रुपरेखा तैयार की गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रदेश मंत्री कुणाल चालीसगाओंकर, प्रदेश अध्यक्ष गौतमचंद जैन, प्रदेश संयोजक रतन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन राजपूत, विभाग संयोजक रवि निगम, कुशल तिवारी, नगर उपाध्यक्ष धनेश दौरा, राजा साहू, कमलेश यादव,सोमनाथ यादव , विजय यादव, अजय सेन, कमल साहू, ज्योति शर्मा, अजय बेहरा, इंद्रजीत महराज, भावेश कुमार के अलावा बजरंगी शामिल हुए।

■ बैठक में बनाई आगामी कार्यक्रमों की रणनीति

### घायल को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में घायल को 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएमसी 16 पुराना शिव मंदिर कॉलोनी वैशाली नगर सुपेला भिलाई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी शुभम जैन आत्मज सुभाष चंद जैन की विगत 07 दिसंबर 2022 को ष्टक्कर मारो और भाग जाओ मोटर दुर्घटना होने से घोर उपहति होने की पुष्टि की गई।

# पंचशील नगर में टॉवर लगाने का विरोध, जताई नाराजगी

**दुर्ग।** शहर के वार्ड एक पंचशील नगर में एयरटेल का टावर लगाने का वार्डवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। उन्होने नगरनिगम द्वारा कंपनी को जारी एनओसी निरस्त करने की मांग की हैं।

■ एयरटेल कंपनी के टॉवर पर रोक लगाने की मांग

वार्डवासियों ने बताया कि, चंद्रशेखर स्कूल के पीछे गली, पुराना पाइप फैक्ट्री के पास घनी आबादी क्षेत्र में एयरटेल का टॉवर स्थापित करने के लिए गड्ढा खोदा गया है। जहां टॉवर स्थापित किया जाना है, वह धनी आबादी क्षेत्र है। टॉवर लगने से वहां निवास करने वालों को जान माल का खतरा एवं गंभीर बीमारी की आशंका होने की बात वार्डवासियों ने कही हैं। उनका कहना है कि, घनी आबादी क्षेत्र में किसी भी कंपनी का टॉवर लगाना प्रतिबंधित है, किन्तु हमारे वार्ड में घनी आबादी के बीच एयरटेल का टॉवर लगाने की अनुमति प्रदान की गई है। जिसे वार्ड के लोगों ने नियम के विरुद्ध बताया हैं। बताया गया कि, एयरटेल कंपनी के टॉवर का कार्य तत्काल बंद करने के संबंध में 20 सितंबर 2024 को आयुक्त नगर निगम दुर्ग को भी ज्ञापन दिया गया था, इसके पश्चात भी कार्य पर रोक नहीं लगाई गई है। जिससे वार्डवासियों में निगम प्रशासन के खिलाफ नाराजगी हैं। उन्होने आयुक्त को ज्ञापन दी है। वही मांग पूरी नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी हैं।




## कलेक्टर सुश्री चौधरी ने छात्राओं को अध्ययन के लिए किया प्रेरित

# संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने कॉलेज में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने छात्राओं से मिलकर कर उनको अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए कहा, ''आप लोगों को पढ़ाई के साथ इतना सक्षम बनना है कि आप आने वाली पीढ़ी को भी शिक्षित कर सके।'' उन्होंने छात्राओं को सुझाव दिया कि सभी किताबें खरीदना संभव नहीं हो पाता ऐसी स्थिति में आप वाचनालय में समय बिताएं और वाचनालय से विषय वार किताबें प्राप्त कर अध्ययन करें।

■ महाविद्यालय के विभागों का किया गया अवलोकन



निरीक्षण के दौरान, संभागायुक्त श्री राठौर एवं कलेक्टर सुश्री चौधरी ने वाचनालय, डांस सेक्शन, ड्राइंग सेक्शन और रेड क्रॉस सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वाचनालय में उपलब्ध पुस्तकों की गुणवत्ता और विद्यार्थियों द्वारा इसके उपयोग की स्थिति की जांच की। उन्होंने प्राचार्य को वाचनालय को और अधिक व्यवस्थित बनाने और आधुनिक सुविधाओं का प्रबंध के निर्देश दिए। ड्राइंग सेक्शन में संभागायुक्त श्री राठौर ने छात्राओं द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन कर उनकी सराहना की एवं प्राचार्य को इन कलाकृतियों को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। रेड क्रॉस सेंटर की प्रभारी डॉ. रेशमा ने संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर को सेंटर की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां पर कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री राठौर एवं कलेक्टर सुश्री चौधरी ने महाविद्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया और प्राचार्य को परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और फलदार व छायादार पेड़-पौधे लगाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### रासेश्वरी दीदी का प्रवचन

**भिलाई।** जगतगुरु कृपालू महाराज की प्रमुख प्रचारिका रासेश्वरी दीदी का प्रवचन सतनाम आश्रम



कल्याण समिति दुर्ग आयोजित है। इस दौरान प्रवचन एलसीडी के माध्यम से दिखाया जा रहा है। जिसमें वेद, पुराण, गीता, भागवत, रामायण के माध्यम से मानव जीवन के चरम परम लक्ष्य के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। कार्यक्रम 6 से 12 नवम्बर तक है। प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे तक प्रवचन होगा।

### जूडो चैंपियनशिप के लिए शेख का चयन

**भिलाई।** अंतराष्ट्रीय जुडो महासंघ एवं जूडो यूनियन ऑफ एशिया के द्वारा हॉन्ग कोंग जूडो संघ द्वारा एशियाई ओपन जूडो चैंपियनशिप के लिए शेख शरीफ का चयन किया गया है। जो भारतीय जूडो महासंघ



के अंतराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी है। एशियन जूडो चैंपियनशिप 8 से 11 नवंबर तक माँ ओंन सन स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के भिलाई शहर के तकनीकी अधिकारी शेख शरीफ इसके पूर्व में भी एशियाई चैंपियनशिप में तकनीकी अधिकारी का कार्य कर चुके हैं। शेख शरीफ की उपलब्धि पर प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर.के त्रिवेदी, उपाध्यक्ष आर.के शर्मा, सज्जन जिंदल, महासचिव एस.आर सोनी, कोषाध्यक्ष आलोक मिश्रा, प्रदेश संघ के अनीश मेनन, अब्दुल मोएम, लखन साहू, सर्वजीत सिंह बक्शी, पी.किशोर, विजय नाग, भुवन नागे परमजीत सिंह, गुप्तेश्वर यादव, राजकुमार जायसवाल, किरण, श्वेता ने हर्ष व्यक्त किया है।

### हड़ताल कल से

**अंडा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग के आह्वान पर 8 नवंबर से सभी जिला बैंक दुर्ग बालोद, बेमेतरा हड़ताल में रहेंगे। अपने एक सूत्रीय मांग को पर्ववेक्षक को स्वतंत्र प्रभार एक प्रबंधक एक प्रभार को लेकर बैंक बंद करने की घोषणा कर दी गई है। 8 को संपूर्ण तीनों जिला दुर्ग बालोद बेमेतरा बंद रहेगी। यह जानकारी अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर ने दी।

# भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रचालन प्रक्रिया बनी आकर्षण का केंद्र

## छग राज्योत्सव में बीएसपी पेवेलियन स्टील उत्पाद प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में विभिन्न स्टालों का निर्माण किया गया है, जिनमें विभिन्न संस्थाओं और सरकारी विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। रायपुर के राज्योत्सव कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र शामिल है। इस पेवेलियन में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भारतीय रेलवे के लिए वांछित ग्रेड के रेल्स उत्पादन के अलावा संयंत्र की विभिन्न इकाइयों द्वारा उत्पादित इस्पात का विभिन्न सामरिक क्षेत्रों और राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में उपयोग को दर्शाया गया है।




### देश की परियोजनाओं में शामिल है स्टील

बीएसपी में उत्पादित इस्पात का उपयोग रक्षा, ऊर्जा और बिजली क्षेत्र के साथ ही कंस्ट्रक्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स जैसे पुलों, राजमार्गों,सुरंगों, फ्लाईओवर सहित भूकंपीय और संक्षारण संभावित क्षेत्रें में ऊंची इमारतों और औद्योगिक संरचनाओं में, भारी मशीनरी, तेल और गैस क्षेत्र, अंतरिक्ष क्षेत्र, परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठानों आदि में किया जाता है। भिलाई द्वारा उत्पादित स्टील का उपयोग जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के निर्माण में भी किया गया है।

इस अवसर पर राज्योत्सव सम्मिलित दर्शकों और अधिकारियों आदि ने बीएसपी के पेवेलियन की सराहना की और आकर्षक पैनल, कटआउट और फिल्मों में रुचि ली। पेवेलियन में बीएसपी की विभिन्न इकाइयों खदान, कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट्स, स्टील मेल्टिंग शप्स, यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल, बार एंड रॉड मिल, मर्चेन्ट मिल तथ वायर रॉड मिल में प्रचालन प्रक्रियाओं को प्रदर्षित किया गया है।पेवेलियन में बीएसपी उत्पाद के साथ-साथ सीएसआर गतिविधि, ग्रामीण विकास, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधाएँ, पुरस्कार, देव बलौदा स्थित प्राचीन शिव मंदिर का संरक्षण, परियोजनाएं आदि के आकर्षक पैनल प्रदर्शित किये गए हैं। भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत और अन्य युद्धपोतों के निर्माण में भी सेल-भिलाई द्वारा उत्पादित स्टील का उपयोग किया गया है। जिसका मडल बीएसपी पेवेलियन में प्रदर्शनी हेतु रखा गया है।

## बर्नपुर में कर्मियों पर गिरी निलंबन की गाज, बीएसपी में हुई थी सफल हड़ताल

# सेलव्यापी हड़ताल के बाद बीएसपी में यूनियनों की बढ़ी एकजुट सजगता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

### श्रमिक संगठनों को कार्रवाई के बजाए जल्द मांगें पूर्ण होने की उम्मीद

सेल कर्मचारियों के वेतन समझौता में विसंगतियों को दूर करने सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों की सफल हड़ताल से हैरान और परेशान उच्च प्रबंधन ने अब कर्मचारियों पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है। हड़ताली यूनियन नेताओं पर गाज गिरने लगी है। इसकी शुरुआत इस्को बर्नपुर के यूनियन के लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई से

- मुख्य श्रमायुक्त को इंटक ने पत्र भेजकर की कार्रवाई वापस लेने व मनोबल बनाने की मांग

हो गई है। इससे भिलाई इस्पात संयंत्र की ट्रेड यूनियनें अलर्ट हो गई है और बतौर एहतियात बर्नपुर इफेक्ट से बचाव की रणनीतिक तैयारी शुरु कर दी है। यूनियनों का मानना है कि भिलाई में कर्मियों के शांतिपूर्ण और स्वस्फूर्त हड़ताल के आह्वान के दौरान प्रबंधन से टकराव या प्लांट को सीधा नुकसान जैसी कोई समस्या पैदा नहीं हुई। लिहाजा कर्मचारियों को मनोबल बनाए रखने कार्रवाई नहीं बल्कि मांगों के जल्द पूर्ण होने की उम्मीद अधिक है। फिर भी किसी भी तरह की प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई होती है तो, श्रमिक संगठन एकजुट और सजग हैं। एनजेसीएस यूनियनों के आह्वान पर सेल



कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सेल की सभी यूनिटों में 28 अक्टूबर को हड़ताल की गई थी। बीएसपी भिलाई में संयुक्त यूनियनों के बैनर तले कर्मचारियों से स्वस्फूर्त होकर हड़ताल में शामिल होने के आह्वान के जबरदस्त असर के चलते 50 से 60 फीसदी हड़ताल के सफल होने का दावा किया गया था। यूनियनों के मुताबिक इस्को बर्नपुर में तो हड़ताल के दौरान डायरेक्टर इंचार्ज को सड़क पर उतरकर कर्मियों से काम पर लौटने गिड़गिड़ाना पड़ा था। यूनियनों के नजरंदाज करने व सफल हड़ताल बाद इस्को बर्नपुर के नाराज प्रबंधन ने हड़ताली इंटक नेताओं सहित दो दर्जन कर्मचारियों पर बतौर प्रतिक्रिया कार्रवाई की है। वहां के 4 कर्मचारियों को निलंबित करने के साथ दो कर्मियों का तबादला सेलम के संयंत्र में कर दिया गया है। वहीं 24 कर्मियों को वार्निंग लेटर थमा दिया गया है। अधिकतर इंटक यूनियन से जुड़े नेता बताए जाते हैं। बर्नपुर प्रबंधन की इतनी बड़ी कार्रवाई के पीछे यूनियनों को उच्च प्रबंधन का शह होने की आशंका है। इस्को बर्नपुर में हुई कार्रवाई से बीएसपी में यूनियनें और कर्मचारी चिंतित होने के साथ सजग हो गए हैं।

### कार्रवाई से बचने रणनीतिक दबाव

बीएसपी में 28 अक्टूबर को हुई हड़ताल को नौ दिन बीत चुके हैं और किसी कर्मी या यूनियन नेता पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लेकिन बर्नपूर में थोक में कर्मियों व यूनियन नेताओं पर दंडात्मक गाज गिरने से यहां भी यूनियन को लोग हैरान व परेशान हैं और एकजुटता बनाए रखते हुए सजग हो गये हैं। यूनियन सूत्रों के मुताबिक हड़ताल के नोटिस के पूर्व प्रबंधन को मांगें पूर्ण करने का पूरा आग्रह और समय दिया गया। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन की प्रक्रिया के तहत आखिरी अस्त्र के रुप में हड़ताल की गई। कर्मियों ने शांतिपूर्ण व स्वस्फूर्त होकर हड़ताल के आह्वान पर इसे सफल बनाया। इस दौरान कोई अराजक स्थिति निर्मित नहीं हुई, जिससे लोकल व उच्च प्रबंधन तक मांगों के पक्ष में सकारात्मक संदेश गया। इससे यूनियन नेताओं को उम्मीद है कि भिलाई में बर्नपुर जैसी कोई प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई यहां नहीं होगी बल्कि सेल प्रबंधन को किसी भी यूनिट के कर्मियों को दंडित करने के बजाए जल्द मांगों को पूर्ण कर उत्पादन बनाए रखने कर्मियों का हौसला बढ़ाने की जरुरत है। जल्द ही यहां यूनियनों की बैठक बुलाकर इस्को की कार्रवाई को देख एहतियातन यहां दबाव की रणनीति तैयार की जाएगी। बर्नपुर इंटक ने भी मुख्य श्रमायुक्त को पत्र भेजकर यूनियन नेताओं व कर्मियों पर कार्रवाई का कड़ा विरोध कर मनोबल गिरने की बात कही है।

# सब्जैक्ट टू वेकेशन बंद करने का खामियाजा भुगत रहे अधिकारी

### 13 सीजीएम के आवासीय आवेदन पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में एकाएक सब्जेक्ट टू वेकेशन बंद किए जाने का खामियाजा कई वरिष्ठ बीएसपी अधिकारियों को भुगतना पड़ रहा है। पदोन्नत होकर आए दर्जनभर मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी पिछले कई महीनों से भिलाई निवास में रहने के लिए मजबूर हैं। सभी को बड़े आवासों में कब्जा होने से इस ग्रेड के आवास नहीं मिल पा रहे हैं।

- बड़े आवास नहीं मिलने से दर्जनभर भिलाई निवास में रहने मजबूर
- वैकेंट आवास मै बेजा कब्जा बढ़ेगा

मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अफसरों के लिए उनके स्तर के मकान सिर्फ सेक्टर 9 और हास्पिटल सेक्टर मे है, लेकिन दोनों सेक्टरों मे अधिकतर मकान थर्ड पार्टी एलाटमेंट के तहत पूर्व मे आबंटित किए गए हैं। इनमे से कई ऐसे प्रशासनिक अधिकारी हैं जो आज दुर्ग जिले मे पदस्थ भी नही हैं लेकिन फिर भी आवास उनके कब्जे में हैं। इसके चलते 13 सीजीएम को आवास नही मिल पा रहे हैं। ग्रेड स्तर पर आवास आबंटन के मानक निर्धारित होने के बाद सब्जैक्ट टू वैकेट की सुविधा को अचानक ही बंद कर देने से जरुरतमंद अधिकारी भटक रहे हैं।

इसके अलावा रिटेंशन मे दिए गये आवास धारकों को नोटिस दे कर बेदखल किया जा रहा है। लेकिन सेक्टर नाइन मे जंहा मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों के आवास हैं वंहा कोई भी बेदखली की कार्यवाही नहीं होने से 13 जरुरतमंद मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों को आवासों के आवेदन ठंडे बस्ते में है। इससे इन अधिकारियों को परेशान होना पड़ रहा है।

### कई आवासों में प्रशासनिक अफसरों का कब्जा

13 सीजीएम स्तर के अधिकारी बड़े मकान नहीं मिल पाने के चलते भिलाई निवास में रहने मजबूर हैं। इन अधिकारियों में पी सुब्बा राव मार्केटिंग,देवा दत्ता सतपथी एसईडी, तुलाराम बेहरा,मनोज कुमार,सुशांता कुमार घोषाल, प्रसन्नजीत दास, कार्तिकेय बेहरा, तीर्थंकर दसतिदार,बीजोय कुमार बेहरा,टीके कृष्ण कुमार, तुषार कांत,मानस कुमार गुप्ता,संजय कुमार सिंह शामिल हैं। इनमे से कुछ अधिकारियों ने माह ,एक साल तक भिलाई निवास मे रहने के बाद मजबूरी मे छोटा आवास ले लिया है। प्रबंधन को अपनी थर्ड पार्टी एलाटमेंट की नीति में संशोधन कर आवास को एक निश्चित समय सीमा तक ही आबंटित करना चाहिए क्योंकि सभी प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला हो जाता है और बीएसपी का आवास हमेशा थर्ड पार्टी एलाटमेंट की भेंट चढ़ा रहता है। जिसका फायदा एक बार आवास एलाट करवा कर हमेशा के लिए अपने कब्जे मे रखते हुए जिला प्रशासन और शासन के अधिकारी उठाते हैं।

# मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश 15 नवंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तारीख अंतिम बार 15 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। किन्हीं कारणों से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबद्ध महाविद्यालयों में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश न ले सकने वाले अभ्यर्थियों तथा स्वाध्यायी/महाविद्यालय परीक्षार्थी के रूप से विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए पंजीयन न करा पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए अपनी शिक्षा जारी रखने का यह सुनहरा अवसर है।

- परिक्षार्थियों को अंतिम अवसर

पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा दूरस्थ शिक्षण पद्धति से शिक्षार्थी अपना अध्ययन अपने घर से सकते हैं। किसी भी शासकीय या अशासकीय प्रतिष्ठान, विभाग, उद्योग में नौकरी करने वालों व व्यवसायी तथा गृहिणियों के लिए सुविधाजनक इस पद्धति से अध्ययन कर मान्यताप्राप्त डिग्री इस विश्वविद्यालय से आसानी से घर बैठे की जा सकती है।

क्षेत्रीय केंद्र दुर्ग के समन्वयक डां. डीएन शर्मा ने बताया कि इस अंतिम तिथि इस अंतिम तिथि के पूर्व बीएससी (बायो), बीएससी (गणित), बीकॉम, बीए, बीलिब, बीबीए जैसे स्नातक स्तरीय तथा हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, छत्तीसगढ़ी, समाजशास्त्र शिक्षा आदि विषयों में एमए एवं एमकाम व एमएसडब्ल्यू के पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश खुले रहेंगे। इसके अलावा पीजीडीसीए में सीट की उपलब्धता तक प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर प्रवेश लिया जा सकता है।

# नगर निगम के उद्यानों की नहीं हुई सफाई, आखिरकार कहां खेलें बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप में नगर निगम के उद्यानों में व्याप्त अस्वच्छता से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का मौसम खत्म होने के बाद भी सफाई को लेकर निगम प्रशासन उदासीन है। कई उद्यानों का निर्माण

- टाउनशिप में के उद्यान गाजर घास व झाड़ियों से पटे

पंद्रह साल पहले किया गया था।

बारिश के चार महीने के दौरान विभिन्न सेक्टरों में स्थित उद्यानों में गंदगी फैली हुई है। सेक्टर 1, 5 सेक्टर 6,7 आदि सेक्टरों में भिलाई निगम के उद्यानों में गाजर घास, झाड़ियां आदि बारिश के सघन खरपतवार उगे हुए हैं। यह कचरा उद्यानों के अंदर और बाहर चारों ओर फैला हुआ है। फेसिंग के चारों ओर बड़ी, बड़ी झाड़ियां उगी हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि गंदगी और बदबू के चलते बच्चे, बड़े और महिलाएं उद्यानों का



उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। गंदगी और बदबू के अलावा कचरे के झुरमुट में सांप, बिच्छू आदि भी रेंगते रहते हैं। ठंडी का मौसम शुरु होते ही लोग उद्यानों में वाकिंग के लिए जाते हैं। बच्चे देर शाम तक खेलते हैं। लेकिन इस साल अब तक उद्यानों की सफाई और और लाइट आदि दुरुस्त नहीं किए जाने से उद्यानों का रुख नहीं कर रहे हैं। कई लोग दूर के उद्यानों या मैदान में खेलने और चहलकदमी करने जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम भिलाई से जल्द सभी उद्यानों की साफ सफाई करवाने की मांग की है।

# खोपली स्कूल के 350 बच्चों को फरमानिया ट्रस्ट ने बांटे स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला खोपली के लगभग 350 बच्चों व प्राथमिक व मिडिल स्कूल के रसोइयों व स्वीपरों को सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक सुरेश फरमानिया के द्वारा 350 बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया,बच्चे स्वेटर पाकर बच्चो का चेहरा खिल गया। सुरेश फरमानिया के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच मंजू वर्मा ने फरमानिया का साल श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मान किया। शासकीय प्राथमिक शाला खोपली स्कूल के संस्था प्रमुख छबिलाल रघुवंशी व मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख हरिश्चंद्र देवांगन ने भी फरमानिया का बच्चो के प्रति लगाव, उनके उत्कृष्ट कार्यों, सहयोग की भावना को देखते हुए साल, श्रीफल मोमेंटो से सम्मान किया। इस अवसर पर प्राथमिक व मिडिल स्कूल के छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच संचालन शाला के शिक्षक दीपक साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन करते हुए शिक्षक गिरीश साहू ने बताया कि सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट विगत 10वर्षों से सरकारी स्कूलों में बच्चो को स्वेटर, कॉपी, पुस्तके, कंपास, बेंच डेक्स आदि का वितरण छात्रहित में निःस्वार्थ भाव से कर रहा हैं स्वेटर वितरण। कार्यक्रम के दौरान सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश फरमानिया, सरपंच मंजू वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, मिडिल स्कूल प्रधानपाठक नारधा मनोज मड़रिया, मनोज वर्मा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक छबिलाल रघुवंशी माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक हरिश्चंद्र देवांगन शाला के शिक्षक गिरीश साहू, दीपक साहू, मनीष साहू, कुमार साहू, संतोषी कश्यप, रोशनी चंद्राकर, रामेश्वरी चंदेल, रामती पाटिल, लोकेश कुमार साहू, दानेश्वरी चंद्राकर, रानू यादव, भूषण यादव आदि उपस्थित थे।

- छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

## व्यवसायी और खरीददार बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे

# सेक्टर 6 में टूटे 100 आवासीय ब्लॉक, उपेक्षित हुआ सबसे बड़ा मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप के सबसे बड़े बाजार सेक्टर 6 ए मार्केट को उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। बाजार में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली और ग्राहकी की समस्या से व्यवसायियों और आम लोग दोनों परेशान हैं।

टाउनशिप की सबसे बड़ी कालोनी सेक्टर 6 में ए मार्केट सबसे बड़ा बाजार है। लेकिन मार्केट में नागरिक सुविधाएं बदहाल हैं। सड़क, प्रसाधन, सफाई, पानी आदि सहूलियतों के लिए लोग तरस रहे हैं। मार्केट की सड़कें जर्जर हैं। जगह जगह बड़े गड्ठों से दोपहिया चालकों के साथ पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाइवलीहुड कालेज साइट के गेट के निकट परिसर में बारिश के दौरान गड्ढठे बढ़ गए है। इनसे आवाजाही में असुविधा हो रही है। व्यवसायियों ने बताया कि नालियों की सफाई नियमित नहीं होने से गंदगी व बदबू का माहौल है। सेलून लाइन की नाली की सफाई महीनों नहीं होती है। सफाई हुई भी तो कचरा किनारे छोड़ दिए जाने से बदबू होती है। परिसर में भी जगह जगह कचरे के ढेर हटाए नहीं गए हैं। बाउंड्रीवाल कई जगह से टूटी होने से आवारा मवेशी लोगों व दुकानों के सामानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई व्यापारी पानी की किल्लत होने से घर से बोतल में पानी लाते हैं।

### सैकड़ों आवास हो चुके खाली

ए मार्केट को सेक्टर 6 के उजाड़ होने से भी उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। दस साल पूर्व सेक्टर 6 के अनफिट हो चुके दस आवासीय ब्लाकों को बीएसपी द्वारा ढहा दिया गया था। इसके बाद पिछले एक साल से चल रही बेजा कब्जा हटाओ मुहिम के तहत भी अब तक पचासों क्वाटरों को खाली करवाकर डिस्मेंटल किया गया है। इससे जहां कब्जाधारियों को हटाने से बीएसपी को राहत मिली वहीं सेक्टर 6 मार्केट की रौनक खत्म हो चली है। ढहाए गए आवासों के हजारों लोग अन्यत्र चले गए हैं। इससे सेक्टर के उजाड़ होने के साथ मार्केट भी बरौनक हो गया है। व्यवसायियों ने बाजार की बुनियादी समस्याओं को जल्द निदान की मांग बीएसपी से की है।




### टायलेट की समस्या

सेक्टर 6 ए मार्केट में सबसे बड़ी समस्या टायलेट की है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है। सालों पुराना बना प्रसाधन जर्जर व रास्ते तक भारी गंदगी से पटा है। पांच साल पूर्व नया हाईजीनिक टायलेट बना गया। लेकिन समुचित मेंटेनेंस नहीं होने से यह गंदगी से पट गया है और टूटफूट की समस्या है। व्यवसायियों ने बताया कि गटर शीट टूट चुकी है और गुटखा पाउंच बीड़ी सिगरेट के अवशेषों से टायलेट जाम होता रहता है। भारी गंदगी व बदबू से लोग उपयोग करने से बचते हैं। महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04


नए दौर का रुझान

लाइव इवेंट

## भारती यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने जाना फॉरेंसिक साइंस को, इसरो, एचएएल में किया अध्ययन




**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक साइंस विभाग के छात्रों ने बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का शैक्षणिक अध्ययन किया। इस शैक्षणिक अध्ययन का उद्देश्य छात्रों को अंतरिक्ष और विमानन क्षेत्र में हो रहे अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास कार्यों से परिचित कराना था। बताया गया कि इससे अपराध जांच में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इन दोनों संस्थाओं की आधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञता का उपयोग कई प्रकार के अपराधों की जांच और समाधान में किया जा सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा संचालित उपग्रहों के माध्यम से प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाली सेटेलाइट इमेजेज का उपयोग अपराध स्थल की स्थिति का सटीक विश्लेषण करने में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, अपराध के बाद हुए घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र की छायाचित्रों के माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि वहां क्या गतिविधियां हुईं। सड़कें किस दिशा में जाती हैं और घटनास्थल से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण डेटा को इकट्ठा किया जा सकता है। यह विशेष रूप से उन मामलों में उपयोगी होता है जहां दूर-दराज इलाकों या जंगलों में अपराध हुआ हो। ज्ञात हो कि पूर्व में भारती विश्वविद्यालय के छात्रों का इसरो में चयन हो चुका है।

### स्टूडेंट्स ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को भी जाना

छात्रों ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का भी भ्रमण किया, जो भारत का प्रमुख विमान निर्माता संगठन है। यहां छात्रों को विमानों की डिजाइनिंग, निर्माण और परीक्षण प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी मिली। छात्रों ने वहाँ कार्यरत विशेषज्ञों से विमानों और हेलीकॉप्टरों के निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की और उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों के बारे में विस्तार से जाना। कुलाधिपति सुशील चन्द्राकर, कुलपति डॉ. बीएन तिवारी, उप-कुलपति डॉ. आरएन सिंह, ग्रुप रजिस्ट्रार घनश्याम साहू ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शैक्षणिक अध्ययन विभागाध्यक्ष निशा पटेल और सहायक प्राध्यापक सूरज मुडुली के नेतृत्व में किया गया।

भक्ति के यज्ञ मंडप में खुशहाली के लिए उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

# स्कंदाश्रम में स्कंदा षष्ठी महोत्सव में विद्या, धन धान्य प्राप्ति, शत्रुओं और कारावास में राहत के लिए हवन



**भिलाई।** स्कंद आश्रम हुडको में चल रहे तीन दिवसीय स्कंद षष्ठी महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न वैदिक अनुष्ठान हुए। भक्तिमय वातावरण में वेदाचार्यों द्वारा देवी, देवताओं के आह्वान के साथ हवन पूजन करवाया गया। विविध हवनों से जन कल्याण के साथ श्रद्धालु यजमानों की मनोकामनाएं पूरी करने की कामना की गई। इस अवसर पर आश्रम से जुड़े और विभिन्न स्थानों से आए अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे। वेदाचार्यों ने शीघ्र विवाह के लिए स्वयंवर पार्वती हवन कराया। स्कंदाश्रम के यज्ञानुष्ठान पंडाल में सुबह से ही श्रद्धालुओं की गहमागहमी रही। ब्रह्मश्री राघवन शास्त्रीगल के साथ तमिलनाडू के वेदाचार्यो के द्वारा विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन करवाये गए। उद्देश्य प्रेम व शांति सहित श्रद्धालुओं के विविध मनोरथों को पूर्ण करना था। सुबह 7 बजे श्री उच्चिष्ट गणपति हवन संपन्न करवाया गया। इसका अभीष्ट पुत्र प्राप्ति, वंश वृद्धि और गर्भ दोष निवृत्ति है। इसके बाद शीघ्र विवाह और



विवाह बाधा से मुक्ति के लिए श्री स्वयंवर पार्वती हवन हुआ। आचार्यों के मंत्रों के बीच हुए हवन पूजन के दौरान सभी के मनोरथ पूर्ण करने की भगवान से कामना की गई। कार्यक्रम में स्कंदाश्रम की प्रमुख व स्कंदाश्रम कमेटी की महासचिव गुरु दीदी शिवरंजिनी, स्वामी एलआरके रेड्डी (छोटे गुरुजी), दीदी जननी,कमेटी के अध्यक्ष मयंक रस्तोगी, उपाध्यक्ष शशांक रस्तोगी और मीडिया प्रभारी सुरेंद्र सिंग कैंबो सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

### वित्तीय बाधाओं को दूर करने हवन व दीप आराधना

स्वयंवर पार्वती हवन के बाद दस बजे से श्री सुक्त हवन कराया गया। हवन का उद्देश्य धन-धान्य वृद्धि, परिवार में संकट दूर करने, शांति बहाल करने और संगठनों की वित्तीय बाधाओं को दूर करने के लिए है। इसके बाद पंडितों द्वारा दीर्घायु होने और लक्ष्मीकक्षम के लिए श्री महालक्ष्मी हवन हुआ। पूर्णाहुति के बाद दीप आराधना की गई । फिर महाप्रसाद वितरण किया गया। शाम 5 बजे से उत्कृष्ट औद्योगिक विकास, अत्यधिक सफल लाभ, शक्तिशाली शत्रुओं, श्रम मुद्दों और प्रतिस्पर्धियों के कारण तीव्र समस्या से राहत के लिए श्री सुदर्शन पारायणम और विद्या प्राप्ति के लिए श्री मेधा दक्षिणामूर्ति हवन कराया गया। इसके बाद दृष्टि, अपचार दोष निवृत्ति और भय से निवारण के लिए श्री रामेश्वरा हवन और सभी कानूनी मुद्दों में सफलता और कारावास में राहत के लिए श्री बगुलामुखी हवन हुआ। पूर्णाहुति के साथ हवन अनुष्ठान संपन्न हुए। स्कंद षष्ठी महोत्सव का समापन गुरुवार को सर्व विघ्न निवारण के लिए श्री संकटाहरण हवन आदि और हवन और पूर्णहुति होगी। शाम 7 बजे भजन संध्या में भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी सुनाएंगे।





सिटी इवेंट

## एथलेटिक्स वेस्ट जोन प्रतियोगिता में दुर्ग ने जीते रजत और कांस्य पदक




**भिलाई।** जिले के एथलेटिक्स ने नागपुर में आयोजित ऑल इंडिया वेस्ट जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। पिछले दिनों आयोजित इस प्रतियोगिता में 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। दुर्ग जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष के. श्रीनिवास ने बताया कि इससे पहले 13 से 15 सितम्बर तक राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में बिलासपुर में किया गया। इसमें दुर्ग जिला एथलेटिक्स संघ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक जीते थे। इसके आधार पर नागपुर में होने वाली आल इंडिया वेस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए अनुशा सिंह, साक्षात सिंह, जवीन धनवानी, त्रिलोक यादव, शौर्य सोनी, दर्शनिका मिश्रा, शुभम कुमार साहू, सिद्धार्थ लोहचब, दिनेश कुमार कोर्राम, अनिरुद्ध बिस्वास, भूपेश मंडावी, जानवी निषाद, काजल और अंचल साहू का सिलेक्शन हुआ था। इसमें दुर्ग जिलाएथलेटिक्स संघ को 1 रजत और 1 कास्य प्राप्त हुए। प्रतियोगिता में भूपेश मंडावी ने 800 मीटर में रजत और दार्शनिका मिश्रा ने 100 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। संघ की तरफ से सभी खिलाडियों और उनके कोच राधाकृष्णन पिल्लई, पी विनोद नायर, पीजे सेबस्तैन, अनिरुध, गगन इन्दर सिंह और हरभजन सिंह, जानकी रमैया, चन्द्रगुप्त चौहान, दामोदर राव, वेणु गोपाल राव, शंकर नारायण दलाई, ईटी राज, बेंजामिन, मज्जू जॉय, रवि देशमुख, अशोक पटेल सहित अन्य ने बधाई दी है। श्रीनिवास राव ने बताया कि खिलाड़ियों ने पिछले दिनों बिलासपुर में आयोजित प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन किया और पदक जीते।

## बहराण साहेब की शोभायात्रा 10 को, गुरु लालदास होंगे शामिल

**दुर्ग।** सर्वसिंधी समाज दुर्ग-भिलाई द्वारा 10 नवंबर को बहराणे साहेब की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस भक्तिमय कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम पंचवटी नयापारा रोड दुर्ग में होंगे। दोपहर करीब 3 बजे गुरु लालदास पहुंचेंगे। इसके बाद शाम करीब 7 बजे 1313 ज्योतिकलश स्थापना के साथ नदी तट के लिए शोभायात्रा रवाना होगी। कार्यक्रम के दौरान सत्संग का आयोजन होगा। आयोजन में सांसद विजय बघेल, समाज के संरक्षण श्रीचंद सुंदरानी, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। बाकलीवाल को समाज के प्रतिनिधियों ने आमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान पार्षद नरेश तेजवानी, ज्ञानचंद, विशाल कुमार राजपाल, आसन दास मोहनानी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। समाज के प्रतिनिधियों ने महापौर को आयोजन की जानकारी दी और उन्हें आमंत्रित किया। इस अवसर पर महापौर ने समाज की एकता और धार्मिक भावना की सराहना की और कार्यक्रम की सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द और सद्भावना बढ़ाने में सहायक होते हैं।

- पंचवटी नयापारा रोड से निकलेगी यात्रा, 1313 ज्योति कलश की होगी स्थापना




**दोपहर साईं आगमन से होगी आयोजन की शुरुआत, निकलेगी शोभायात्राः** पार्षद नरेश तेजवानी ने बताया कि 10 नवंबर की दोपहर साढ़े 3 बजे साईं का आगमन होगा। इसके बाद शोभायात्रा निकलेगी। शाम 5 बजे सिंध म्यूजिकल ग्रुप का भक्तिमय सत्संग कार्यक्रम होगा। रात 8 बजे बहराणे साहेब की शोभायात्रा निकलेगी। इसके बाद रात साढ़े 8 बजे भंडारा होगा। सर्व सिंध समाज के तत्वावधान में कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## गर्ल्स कॉलेज की चार वालीबॉल खिलाड़ी लेंगी ईस्ट जोन स्पर्धा में भाग

**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की चार खिलाड़ियो का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की तरफ से हुआ है। ये खिलाड़ी अन्तर विश्वविद्यालय ईस्ट जोन वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता कलिंगा विश्विद्यालय भुवनेश्वर में 06 से 10 नवम्बर तक आयोजित है। क्रीडा अधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि महाविद्यालय की प्रिया सिखा (अटैकर) दीप्ति राठौर, राखी सिंह, अनुष्का निषाद (लिफ्टर) शामिल हैं। प्रिया सिखा खेलों इंडिया में भी भाग ले चुकी हैं, वही बाकी खिलाड़ी स्कूल नेशनल, ओपन नेशनल में हिस्सा ले चुके हैं।

महाविद्यालय लगातार 08 वर्षों से इंटर कॉलेज वालीबॉल प्रतियोगिता जीतत्ते आ रहा है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, कीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम ने महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी।



गुरु मां मनोहर कंवर की दीक्षा और 14 वर्षीय दीक्षार्थी के अभिनंदन पर आयोजन

# स्वरचित भक्ति गीतों ने बांधा समां, 63वें दीक्षा दिवस पर आयोजन, आज निकलेगी आगम यात्रा

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब परिसर में गुरु मां मनोहर कंवर के 63 वें दीक्षा दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन किया गया। सच्चियायमाता टप्पा के प्रमुख राजा बाफना की भक्ति गीतों ने शाम के समय भक्तों को झूमने के लिए विवश किया। भक्तों गीतों ने समा बांधा। इस आयोजन में शामिल होने दुर्ग के अलावा छत्तीसगढ़, कर्नाटक, राजस्थान, हैदराबाद के गुरु भक्त परिवार भी पहुंचे। देर रात तक चले इस आयोजन में राजा की भक्ति में लोग मंत्रमुग्ध होकर भक्ति गीतों का आनंद लेते रहे। अलग-अलग विषयों पर राजा की स्वरचित गीतों को उपस्थित जन समुदाय ने बेहद सराहा। इस बीच दीक्षार्थी कल्पेश का आगमन हुआ। उन्होंने संयम के मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर मौजूद समाज के प्रमुखजनों ने कहा कि दीक्षा एक सदमार्ग है, जो ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है। 14 वर्षीय कल्पेश ने जो निर्णय लिया है, वह पूरे समाज के लिए एक संदेश है। मोह-माया को त्यागकर उसने सांसारिक जीवन को छोड़ना का निर्णय लिया है। दीक्षार्थी की आगम यात्रा 7 नवंबर को निकाली जाएगी।




### आज निकलेगी आगम यात्रा, जैन समाज होगा शामिल

दीक्षार्थी कल्पेशन का 7 नवंबर को आगम यात्रा निकाली जाएगी। जैन ग्रंथ के साथ उनका नगर भ्रमण होगा, जिसमें जैन समाज के लोग शामिल होंगे। आगमन यात्रा ओस्वाल भवन गवलीपारा से निकलेगी, जो शहर के अलग-अलग मार्गों से होकर गुजरेगी। इस दौरान दीक्षार्थी का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा।

### दीक्षार्थी के सम्मान में अभिनंदन गीत गाए गए

14 वर्ष की छोटी सी उम्र में दीक्षार्थी कल्पेश ने संयम के मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है। उनके आगमन पर सम्मान और अभिनंदन क गीत गाए गए। श्रमण संघ के प्रथम युवाचार्य मिश्रीमल मधुकर के समुदाय में दीक्षित होने वाले कल्पेश उप प्रवर्तक विनय मुनि भीम एवं साहिल मुनि महाराज उनके गुरु होंगे। जैन भागवति दीक्षा जोधपुर राजस्थान में 10 फरवरी को होने जा रही है। इस छोटी सी उम्र में जैन दर्शन का अनेक सूत्र कल्पेश कुमार को मुखाग्र याद है।




## भिलाई की उर्जा पवार को आयरलैंड से पीएचडी अवार्ड

**भिलाई।** तालपुरी निवासी उर्जा पवार का चयन फिमेल स्कालरशिप प्रोग्राम के अतंर्गत आयरलैंड में 4 वर्षीय पीएचडी प्रोग्राम के लिए हुआ था। 4 वर्ष के कठिन परिश्रम के बाद उन्हें पीएचडी अवार्ड मिला। यह पीएचडी उन्हें मनस्टर टेकनोलॉजिकल यूनिर्वसिटी कॉर्क आयरलैण्ड द्वारा प्रदान की गई, जिसका अलंकरण समारोह पिछले दिनों हुआ। पीएचडी का विषय एक्सप्लेनेबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित इनहेंसिंग द एक्सप्लेब्लिटी ऑफ मैचिंग लर्निंग मॉडल थ्रोड ड्राइवड नीगोबुहुड रहा। यह विषय आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है।



स्पोर्ट्स इवेंट

## कबड्डी पुरूष टीम ने जीता अंतर विश्वविद्यालयीन मैच





**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कबड्डी पुरूष टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में पहले मैच में जीत हासिल की। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि कबड्डी पुरूष टीम दिनांक 6 से 9 नवबंर तक जौनपुर विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रस्थान के पूर्व टीम के खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होकर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर से मुलाकात की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, डॉ. दिनेश कुमार नामदेव, डॉ. सुमीत अग्रवाल, सुशील गजभिये एवं हिमांशु मण्डावी उपस्थित रहे। खेल संचालक डॉ. दिनेश कुमार नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि कबड्डी पुरूष टीम पहले ही मैच में जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा बिहार 42-32 से जीत हासिल की। इस टीम के मैनेजर ललित नेताम क्रीड़ाधिकारी अपोलो महाविद्यालय अंजोरा व कोच धनेन्द्र कुमार शास. महाविद्यालय भिभोरी है। टीम की इस जीत पर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर व कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप को शुभकामनाएं दी।

### टीम में शामिल रहे खिलाड़ी

टीम में शामिल हुए खिलाड़ियों में विनय कुमार मनसा महाविद्यालय, चंद्रकांत साहू एसटी थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा भिलाई, टिकेश शासकीय नेहरू पीजी महाविद्यालय डोंगरगढ़, हरीश शासकीय नेहरू पीजी महाविद्यालय, रोहन शासकीय दिग्विजय पीजी महाविद्यालय राजनांदगांव, हर्ष शासकीय वी.वाई.टी. पीजी महाविद्यालय दुर्ग, नमन शासकीय महाविद्यालय पाटन, अमित शासकीय. वी.वाई.टी. पीजी महाविद्यालय, रवीन्द्र शासकीय वी.वाई.टी. पीजी महाविद्यालय, विकास शासकीय. महाविद्यालय घुमका, अरुण कुमार शास. पीजी महाविद्यालय बेमेतरा, जागेश शास. पीजी महाविद्यालय बालोद दवरा खेल में अपना बेहतर प्रदर्शन किया।

धर्म इवेंट

## हर कण-कण में विद्यमान है मेरे महादेव : पं. सौरभ शर्मा



**भिलाई।** ग्राम अंडा मिलपारा आरा मशीन के पास चल रहे श्री शिव महापुराण के तृतीय दिवस में कथा में बताया गया कि किस प्रकार शिवलिंग की उत्पत्ति हुई। जन मानस में शिव पूजन की विधि बताया गया। महादेव इतने सरल है कि गुननिधि जैसे ब्राम्हण जो चोरी करने गया उसको धनाढ्य धन का अधिपति कुबेर बना दिये ऐसे सब पर कृपा करने वाले महादेव है। हर कण-कण में शिव विद्यमान हैं, प्रवचनकर्ता पण्डित सौरभ शर्मा बाबूजी महाराज अरमरी कला वाले के द्वारा कथा में बताया गया कि कैसे शिवजी ने सृष्टि का विस्तार किया, कैसे मनुष्य को बनाये हैं। संसार को सुंदरता से बनाये पर व्यक्ति प्रकृति से खिलवाड़ करके अपने ही जीवन को अंत तक ले जा रहा है। महाराज ने आगे बताया कि पेड़ लगाए और प्रकृति का सम्मान करे। जीवन की महत्व को समझे और सबसे नम्रता से प्रेम से सबका सम्मान करे, बच्चों को भी शिक्षा के साथ ही संस्कार प्रदान करे। इस प्रकार जीवन की महत्ता को कथा के माध्यम से बताया गया। वहीं 7 नवम्बर को सती शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 8 को राम जन्म, भस्मासुर कथा, 9 को गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर कथा, 10 को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ौतरी, शिव सहस्त्र नाम पूर्णाहुति किया जाएगा। 10 नवम्बर को सिद्ध रूद्रांक्ष वितरण किया जाएगा। ग्रामीण जन कमलेश चन्द्राकर, नरेन्द्र चन्द्राकर, प्रवीण चन्द्राकर, रेखा चन्द्राकर, श्याम सुंदर सिंह, नीरज त्रिपाठी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में शाकउमा विद्यालय को मिला तीसरा स्थान



**भिलाई।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुपेला के आठ छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कोरबा में भाग लेने के लिए दुर्ग संभाग टीम में हुआ। टीम में सुहानी कुशवाहा, सुप्रिया यादव, रिया यादव, श्रुति साहू, रिया प्रजापति, मुसकान, नाजिया, दिशा साहू का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था की प्राचार्या रूपा उप्पल एवं शाला के समस्त स्टाफ ने छात्राओं को बधाई दी है।

घरों में ठेकूआ व प्रसाद बनाने का सिलसिला शुरू, तालाबों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

# 36 घंटे का महाव्रत हुआ प्रारंभ, आज अस्ताचलगामी सूर्य को देंगे पहला अर्घ्य

**भिलाई।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा में आज छठ व्रती शाम को ढलते सूर्य को अर्घ्य देकर कल सुबह उदित सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटे के व्रत का पारण करेंगे। पूर्वांचल के साथ अब सभी स्थानों में मनाए जाने वाले छठ पूजा में ट्विनसिटी के सभी तालाबों में व्रती पहुंचेंगे। बिहार व उत्तरप्रदेश का खास छठ महापर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि गुरुवार की शाम को अस्ताचलगामी सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। यह पर्व नहाय-खाय के साथ शुरू होकर शुक्रवार की सुबह उदयाचलगामी सूर्य देव को दूसरा अर्घ्य अर्पित कर संपन्न होगा। सूर्य उपासना का यह महापर्व सूर्य देव को प्रसन्न कर संतान व परिवार की मनोकामना तथा कुशलता के लिए मनाया जाएगा।







### लाइटिंग से जगमग हुए छठ के तालाब

ट्विनसिटी के कई छोटे-बड़े तालाबों व पार्कों में छठ पूजा की तैयारी पूरी हो चुकी है। भिलाई नगर निगम क्षेत्र में छठ त्यौहार प्रारंभ हो गया है। आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देशानुसार सभी तालाबों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था अच्छी की जा रही है। तालाबों का रंग रोगन किया गया है। इसके साथ ही प्रमुख चौक चौराहा पर प्रकाश व्यवस्था भी की जा रही है जिससे श्रद्धालु सुबह सुबह शाम जब भी घाट पर जाएं उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके साथ ही सभी तालाबों पर सुपरवाइजर नियुक्त कर बैरीकेट लगाए गए हैं। सफाई व्यवस्था के लिए पूरी टीम सजक रहेगी। विसर्जन के लिए कुंड भी बनाया गया है।



### बाजारों में रही रौनक

दिवाली के बाद एक बार फिर सभी बाजारों में रौनक दिखाई दी। सभी बाजारों में पूजा का सामान, टोकरी, दौरा, फल, गन्ना, सूप आदि खारीदने बाजारों में भीड़ लगी रही।

### तालाबों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

ट्विनसिटी में छठ्ठ पूजा के लिए सेक्टर 2 के तालाब और बैकुंठधाम में विधायक रिकेश सेन द्वारा बनाएं गए तालाब में आस्था का सैलाब उमड़ेगा। साथ ही सेक्टर 7, सेक्टर 1, जवाहर उद्यान, शीतला तालाब सुपेला, कोहका, राधिका नगर, दीपक नगर, ठगड़ा बांध, सतरुपा शीतला सिविल लाइन, तितुरडीह तालाब सहित अन्य तालाबों में व्रती वेदी बनाकर छठ्ठ मैया की पूजा कर अस्ताचलगामी सूर्य देव को पहला अर्घ्य देंगे। जिसके लिए सभी तालाबों में पहले से ही वेदियां बनाकर जगह को सुरक्षित कर लिया गया है।

### खरना मतलब शुद्धिकरण

व्रतियों ने बुधवार को खरना की रस्म की। इस दिन व्रतियों ने पूरे दिन का निर्जला व्रत रखकर शाम को गन्ने का रस या गुड़, चावल के खीर का प्रसाद अपने कुल देवताओं, छठी माता और सूर्य भगवान को अर्पित कर सभी को बांटा।



रिसाली निवासी संगीता प्रशांत पांडे ने बताया कि छठ पूजा के दूसरे दिन खरना की विधि होती है। खरना का मतलब शुद्धिकरण भी होता है। उन्होंने बताया कि खरना को कुछ जगह छोटकी छठ भी कहा जाता है। जिसमें शाम के समय साफ मिट्टी के चूल्हे पर रसियाव यानी गुड़ की खीर व रोटी बनाकर व्रतियों द्वारा ग्रहण किया जाता है। संगीता पांडे ने बताया कि रसियाव आम के पेड़ की लकड़ी की आग पर बनाकर प्रसाद पीतल के बर्तन में ही बनाने की परंपरा है। साथ ही जिस समय व्रती यह प्रसाद ग्रहण करते हैं, उस समय आसपास कोई आवाज नही आनी चाहिए। यदि आवाज कान पर सुनाई दे दी तो प्रसाद खाना वर्जित मानें जाने की मान्यता है। इसके बाद से ही 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू होता है।

पूरे परिवार ने किया था देहदान

## जगन्नाथ पटेल का मृत शरीर मानवता की भलाई के लिए समर्पित



**भिलाई।** मानवता की भलाई के लिए जगन्नाथ डी पटेल के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन के लिए समर्पित की गई। वैशाली नगर ईडब्लूएस 153 निवासी पटेल परिवार के सभी चार वयस्क सदस्यों द्वारा देहदान का संकल्प लिया गया था। सितंबर महिने में प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के पश्चात जगन्नाथ पटेल उनकी पत्नी राजोदेवी, दोनों बेटियां प्रभा पटेल और सुनीता पटेल ने देहदान के लिए संयुक्त रूप से वसीयत जारी की थी। बैंक ऑफ़ बड़ौदा से सेवानिवृत जगन्नाथ पटेल का निधन 79 साल की उम्र में हो गया। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा पवन केसवानी को दी गई। इसके पश्चात देहदान के लिए वाहन व्यवस्था के अलावा अन्य अनौपचारिकताएं संपन्न करवाई गई। देहदानी स्व. जगन्नाथ पटेल की अंतिम यात्रा के दौरान उनकी पत्नी राजोदेवी दोनों बेटियां प्रभा और सुनीता के अलावा दिनेश मिश्रा, पवन केसवानी, दिगंबर ए.करमकर, राजाराम जाधव, मनोज मिश्रा एम एल गोपाल, राधेश्याम प्रसाद,आशीष जैन,मितू राजवंशी आदि प्रबुद्धजनों ने देहदान के पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान की। देहदान करने के लिए प्रेरक संस्था प्रनाम के द्वारा विगत 16 वर्षों में अभी तक 2052 लोगों को देहदान हेतु प्रेरित किया जा चुका है। जिसमें 218 लोगों के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में अध्ययन एवं अध्यापन कार्य के माध्यम से मानवता के लिए समर्पित की हो चुकी है।



प्राथमिक शाला मरोदा में बांटे सामान

## स्थापना दिवस पर बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति, वितरित किये जूते



**भिलाई।** रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था भिलाई द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला मरोदा में छात्र- छात्राओं को जूते भेंट किये गए। जिसे पाकर बच्चों के चेहरे में खुशी दिखाई दी।

शासकीय प्राथमिक शाला मरोदा में रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था की अध्यक्ष शांता शर्मा ने बताया कि बच्चों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति व स्थापना का स्मरण रखने के उद्देश्य से जरुरत की सामाग्री वितरित की गई है साथ ही संस्था द्वारा समय-समय पर संस्था के सदस्य जरुरतमंदों की मदद करते रहते है।

शाला के बच्चों की जरुरतों को ध्यान में रखते हुए आस्ट्रेलिया से संस्था की संरक्षक अंजू देवांगन, मंजुला, कोकिला, शैली, प्रीति, नीलम, मीरा, पूजा, इला कनन ने शाला में बच्चों को जूते वितरित कर सहयोग किया। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर शाला के बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान संस्था अध्यक्ष शान्ता शर्मा, बिन्दु ठाकुर प्रधान पाठक राधा सूर्यवंशी, सहायक शिक्षिका सीमा राय, वर्षा यादव और ज्योति चौहान उपस्थित रही।

**रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था का आयोजन**

कबूतर छोड़कर और आतिशबाजी के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत

## आरटी रामचंद्रन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन, 15 स्कूल की टीमों ने लिया हिस्सा



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में तृतीय आर टी रामचंद्रन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में अपने शाला समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय अंपायर स्व. आर.टी रामचंद्रन के स्मृति में चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रणजी ट्रॉफी प्लेयर राजा बेनर्जी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ राज्य गीत के साथ किया गया। जिसके बाद माता सरस्वती, चंद्रशेखरेंद्र स्वामिगल और स्व आर टी रामचंद्रन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि और अन्य सदस्यों का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्राचार्य बिपिन देशमुख ने आए हुए विभिन्न विद्यालयों के 15 दलों का स्वागत करते हुए सबसे उनका परिचय कराया और उन्हें शुभकामनाएं दी।



### विद्यालयों के 15 दलों ने की शिरकत

चार दिवसीय टूर्नामेंट में के.एच. मेमोरियल स्कूल जवाहर नगर भिलाई, श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 भिलाई, एस.एन.जी. विद्या भवन सेक्टर-4, माइल स्टोन एकेडमी, शकुंतला विद्यालय रामनगर, विश्वदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग, केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, मैत्री विद्या निकेतन रिसाली, इंदु आई.टी. स्कूल कोहका, के.पी.एस. सुंदर नगर, बी.एस.पी. सेक्टर-7, नालंदा इंग्लिश मीडियम कुरूद, मार बेस्लिअस विद्या भवन कैलाश नगर, हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भिलाई, श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको भिलाई ने शिरकत की है।

### केपीएस और बीएसपी सेक्टर-7 से हुई टूर्नामेंट की शुरुआत

चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत में सभी टीमों का परिचय कराते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिता शुरु हुई। कबूतर छोड़कर और आतिशबाजी के साथ प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राजा बेनर्जी और विद्यालय के अध्यक्ष वी रामचंद्रन ने सभी को संबोधित किया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। के.पी.एस. सुंदर नगर एवं बी.एस.पी. सेक्टर-7 के बीच खेल के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी, प्रधान पाठिका शोभा नायर, खेल-कूद विभाग के शिक्षक जय कुमार, निखिलेश शर्मा, किशन सिंह, कमल नारायण, रवि कुमार, जीतान्जय साहू, राखी बाजपेई, विनी और अनिता महानंद, शीजा जॉन, चरनीत कौर संधु एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनीता वर्मा, सुजाता कुंडू एवं प्रीति सिंह ने किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वी.रामचंद्रन, सचिव एस.स्वामीनाथन एवं अन्य सदस्यों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कूच बिहार ट्रॉफी में विकल्प का शतक और धनंजय की शानदार पारी





**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी 2024 का आयोजन बुधवार से शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला चार दिवसीय मैच (06 से 09 नवंबर) सेक्टर-10, भिलाई में हरियाणा अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 81.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 269 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी ने शानदार शतक लगाते हुये 132 रन बनाये, विकल्प ने प्रथम जाचक के साथ 81 रन तथा साहिल रजत शरीफ के साथ 75 रनों की साझेदारी की। प्रथम जाचक ने 43 रन तथा साहिल ने 38 रन बनायें। हरियाणा टीम की ओर से कनिष्क चौहान ने 5 विकेट एवं शम्मी ने 4 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक हरियाणा ने 11 ओवर में 3 विकेट खोकर 23 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 246 रनों की बढ़त बना ली है।

### रणजी ट्रॉफी में अनुज ने बनाए 84 रन



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टूबर से चल रहा है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (06-09 नवंबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में रेलवे टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन बुधवार को रेलवे ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 85 ओवर में 3 विकेट खोकर 252 रन बना लिये है। छत्तीसगढ़ की ओर से अनुज तिवारी ने शानदार 84 रन तथा संजित देसाई ने नाबाद 70 रनों की पारी खेली। दोनों के मध्य तीसरे विकेट के लिये 104 रनों की साझेदारी हुयी। इसके अतिरिक्त आयुश पांडे ने 46 रन तथा ऋषभ तिवारी ने 31 रनों की पारी खेली। रेलवे की ओर से युवराज, आदर्श सिंह तथा प्रथम सिंह ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 3 विकेट के नुकसान पर 252 रन बना लिये हैं।

### बिजली कर्मियों की टेनीकोइट स्पर्धा में रायपुर रीजन ने बाजी मारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीडा एवं कला परिषद, केंद्रीय कार्यालय द्वारा अंतरक्षेत्रीय टेनीकोइट (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवंबर को किया गया। डंगनिया स्थित बैडमिंटन हॉल में प्रदेश के 5 क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। जिसमें रायपुर रीजन विजेता एवं रायपुर सेंट्रल की टीम उप-विजेता रही। इसी के साथ-साथ 4 श्रेष्ठ खिलाड़ियों को अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक जनरेशन एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन राजेश शुक्ला, कार्यपालक निदेशक लाइन एवं अतिरिक्त प्रभार पी.सी एंड आर.ए. के.एस. मनोठिया, कार्यपालक निदेशक वित्त एम.एस. चौहान, कार्यपालक निदेशक प्रोजेक्ट ज्योति नंनौरे एवं छत्तीसगढ़ टेनीकोइट एसोसिएशन के सचिव संजय शर्मा आयोजन में उपस्थित थे।

केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में वार्षिक खेल गतिविधियां आरंभ हो चुकी हैं जिसके तहत प्रथम बार टेनीकोइट (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रायपुर सेंट्रल, रायपुर रीजन, जगदलपुर, मड़वा एवं बिलासपुर की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। ऑब्जर्वर ऐश्वर्य पाठक ने चयनित खिलाड़ियों की सूची आयोजन समिति को सौंपी। महिला खिलाड़ी में विजेता टीम से यशोदा रावतिया, एलिस मैरी केरकेट्टा एवं उप-विजेता टीम से कल्पना पन्ना, उपासनी धांगड़ को अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता के लिए चुना गया। शीघ्र ही यह टीम गुवाहाटी में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज का प्रतिनिधित्व करेगी। महिला खेल प्रभारी श्रीमती कल्पना ठाकुर ने इस खेल को खेल गतिविधियों में शामिल करने के लिए परिषद को सुझाव दिया था। यह ओलिंपिक स्तर का खेल है जिसे पहली बार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की महिलाओं ने खेला। आयोजन में रैफरी वरूण पाण्डेय, लाल बहादुर सोनकर, जयालक्ष्मी, लक्ष्मी नारायण साहू, संध्या वर्मा एवं शिवांशु केसरवानी को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## जरूरत से ज्यादा मीठा खाना नुकसानदेह, बीमारियों को है खुला निमंत्रण

# एक दिन में कितना मीठा खाना चाहिए, यह जानकर बच सकते हैं कई परेशानियों से

जिन चीजों को सबसे नुकसानदायक और गंभीर बीमारियों को बढ़ाने वाला पाया गया है- चीनी उनमें शीर्ष पर है। अब सवाल उठता है कि एक दिन में कितनी मात्रा में चीनी खा सकते हैं? अच्छी सेहत के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान देना सबसे जरूरी माना जाता है। आप जो कुछ भी खाते हैं सेहत पर उसका सीधा असर होता है। जिन चीजों को सबसे नुकसानदायक और गंभीर बीमारियों को बढ़ाने वाला पाया गया है- चीनी उनमें शीर्ष पर है। अधिक चीनी खाने से टाइप-2 डायबिटीज, मेटाबॉलिज्म की समस्या, मोटापा और कई अन्य क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को संयमित मात्रा में ही चीनी का सेवन करना चाहिए। वहीं जिन लोगों को डायबिटीज की बीमारी है उन्हें चीनी या इससे बनी किसी भी चीज से परहेज करने की सलाह दी जाती है।

अब सवाल उठता है कि एक दिन में कितनी मात्रा में चीनी खा सकते हैं, क्या बच्चों को बिल्कुल भी चीनी नहीं खाना चाहिए? आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।



### चीनी खाने के हो सकते हैं कई नुकसान

चीनी हमारी सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक है। ये पूरे शरीर के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है। चीनी में कैलोरी बहुत अधिक होती है और यह शरीर में वसा के रूप में जमा हो जाती है। ऐसे में अधिक चीनी के सेवन से वजन बढ़ने का खतरा हो सकता है। इसी तरह चीनी खाने से रक्त शर्करा के स्तर में तेजी से वृद्धि होती है और इंसुलिन संवेदनशीलता भी प्रभावित हो जाती है। टाइप-2 डायबिटीज के लिए इसे प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है। इतना ही नहीं चीनी का अधिक सेवन रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को बढ़ाने, दिल की बीमारियों का भी कारण बन सकता है। चीनी में फ्रक्टोज होता है ऐसे में इसके अधिक सेवन से लिवर से संबधित बीमारियां हो सकती हैं।

### कितना चीनी खा सकते हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पुरुषों को एक दिन में 37.5 ग्राम (लगभग 9 चम्मच) से अधिक चीनी नहीं खाना चाहिए। वहीं महिलाओं के लिए यह सीमा 25 ग्राम (लगभग 6 चम्मच) है। बच्चों के लिए उम्र के अनुसार चीनी की मात्रा अलग-अलग होती है, लेकिन आमतौर पर 20-25 ग्राम (लगभग 5-6 चम्मच) से अधिक सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### कैसे कर सकते हैं बचाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, चीनी का सेवन कम करने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। इसके लिए मीठे पेय जैसे सोडा और एनर्जी ड्रिंक या कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन बिल्कुल कम किया जाना चाहिए। प्रोसेस्ड फूड में भी चीनी अधिक हो सकती है इसलिए इसका सेवन कम करें। चीनी के स्वस्थ विकल्प जैस गुड़, खजूर आदि खाया जा सकता है। डायबिटीज के रोगी क्या खा सकते हैं क्या नहीं, इस बारे में जानने के लिए डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

### कई चीजों में छिपी होती है चीनी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आपको कितनी मात्रा में चीनी खानी चाहिए ये इस बात पर निर्भर करता है कि आप पूरे दिन में कितनी कैलोरी ले रहे हैं। आहार के माध्यम से किसी भी तरह से अधिक कैलोरी वाली चीजों से बचना चाहिए। कैंडी, जूस, कोल्ड ड्रिक्स में ऐडेड शुगर की छिपी मात्रा अधिक होती है, इसे सेहत के लिए और भी नुकसानदायक माना जाता है। फलों में प्राकृतिक शुगर होता है हालांकि उससे शरीर को ज्यादा नुकसान नहीं होता है।






## एयर पॉल्यूशन के चलते बढ़ सकता है माइग्रेन

दिवाली के बाद से दिल्ली एनसीआर सहित देश के प्रमुख शहरों में प्रदूषण का स्तर दिन प्रतिदिन बिगड़ता ही जा रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गैस चैंबर में तब्दील हो गया है। एक्यूआई बहुत ही खराब श्रेणी में दर्ज किया जा रहा है। जहां इससे सांस लेने में परेशानी हो रही है वहीं इससे माइग्रेन भी ट्रिगर हो रहा है। अगर आप भी इन दिनों बाहर निकल रहे हैं और आपके सिरदर्द की शिकायत हो रही है तो इसकी जिम्मेदार खराब हवा हो सकती है। जी हां धुआँ और प्रदूषण माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं। ऐसे में आप इन उपायों को फॉलो करके माइग्रेन के दर्द से बच सकते हैं। डॉक्टर विभु कावत्रा इस बारे में जानकारी साझा कर रहे हैं।

### बढ़ते प्रदूषण में माइग्रेन ट्रिगर से बचने के उपाय


प्रदूषण हर तरह से मानव शरीर के लिए खतरनाक है। अगर आप माइग्रेन के मरीज हैं तो यह आपके लिए और भी समस्या पैदा कर सकता है। ऐसे में आप ज्यादातर समय घर में ही रहें। जब हवा सांस लेने योग्य हो तभी बाहर निकलें,इसे आप एप के जरिए या इंटरनेट से मॉनिटकर कर सकते हैं। अगर घर से निकलना बहुत ज्यादा जरूरी है तो ही निकलें। इसके लिए आप मास्क लगाकर ही घर से बाहर कदम रखें। जहां पर ट्राफिक ज्यादा है उस जगह पर जानें से



बचें, क्योंकि यहां पर हर तरह के पोलूटेंट होते हैं। इससे आप वायु प्रदूषण के चपेट में काम आएंगे।

घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें, क्योंकि पोल्यूटेंट घर में भी मौजूद होते हैं। यह एयर प्यूरीफायर हवा को शुद्ध रखेंगे। खिड़की दरवाजे बंद रखें, घर में स्मोकिंग करने से बचें। और सबसे अच्छा होगा कि आप घर में कुछ पेड़ पौधे लगाएं जो नेचुरल प्यूरीफायर का काम करेगा।

टॉक्सिक हवा के संपर्क में रहने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे आपका माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है। ऐसे में प्रदूषण के दौरान अधिक से अधिक पानी पिएं, आप नारियल पानी, शिकंजी और ओआरएस ज्यादा पिएं इससे शरीर हाइड्रेटेड रहेगी और सिर दर्द की संभावना कम हो। पॉल्यूशन में गर्म वातावरण में रहने से बचें,यह भी माइग्रेन ट्रिगर करता है। आप इस दौरान मेडिटेशन,योगा, डीप ब्रीदिंग करें, इससे स्ट्रेस कम होगा और सिर दर्द से बचाव होगा। और अगर परेशानी ज्यादा है तो ग्रामीण इलाकों में कुछ दिनों तक जाकर रहें, ग्रामीण क्षेत्र की वायु गुणवत्ता बेहतर होती है।



## राज्य स्तरीय टेबल टेनिस का रोमांच आज से रायपुर जिला टीम घोषणा के साथ दी टी-शर्ट

■ सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल बुढ़ापारा, रायपुर में होगी प्रतियोगिता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की ओर से 22 वीं स्टेट छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का आयोजन 07 से 10 नवंबर तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, बुढ़ापारा, रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें 7 नवंबर को टीम वर्ग (सीनियर पुरुष एवं महिला/यूथ -19/जूनियर-17/ सब जूनियर-15/ कैडेट-13/होप्स-11 बालक एवं बालिका), 8 नवंबर को यूथ अंडर-17 (जूनियर) एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल वर्ग (बालक/बालिका), 9 नवंबर को सीनियर (पुरुष/महिला) एवं होप्स (अंडर-11) एकल वर्ग (बालक/बालिका) तथा 10 नवंबर को यूथ अंडर-19 (यूथ) एवं यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) एकल वर्ग (बालक/बालिका) की प्रतियोगिता होगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा और अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने प्रतियोगिता के लिए रायपुर जिला टेबल टेनिस टीम (बालक एवं बालिका) की घोषणा की एवं एवं टीम को टीशर्ट का वितरण किया। इस अवसर पर




छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े, कोषाध्यक्ष शिशिर गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे और पी. एन. मजुमदार उपस्थित थे।

रायपुर जिला टेबल टेनिस टीम के सीनियर पुरुष वर्ग में प्रणय चौहान, अरिंदम देबनाथ, विशाल डेकाटे, सागर घाटगे, ऋषभ नागवानी, सीनियर महिला वर्ग में सुरभि मोदी, समाया पांडे, लावण्या पांडे, हरीतिमा अग्रवाल, चहक कटारिया, अंडर-19 (यूथ) बालक वर्ग में विशाल डेकाटे, अर्जुन मल्होत्रा, एंड्रयू टी विलियम्स, रामजी कुमार, अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग में आहना सिंह, समाया पांडे, आरना खोटेले, हरीतिमा अग्रवाल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग में अर्जुन मल्होत्रा, सिद्धा धुपड़, यशवंत डेकाटे, श्रेष्ठ मिश्रा, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका वर्ग में समाया पांडे,आरना खोटेले, आहना सिंह, लावण्या पांडे, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग में श्रेष्ठ मिश्रा, आर्यन सिंह, तेजस जादवानी, नैतिक अग्रवाल, अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका वर्ग में समाया पांडे, आहना सिंह, लावण्या पांडे, वेदी कच्छवाहा यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक वर्ग में कवीश काला, आरुष नथानी, राघव तिवारी, आर्यवीर अग्रवाल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग में समाया पांडे, लावण्या पांडे, वेदी कच्छवाहा, महवीन अंसारी, यूथ अंडर-11 ( होप्स) बालक वर्ग में अथर्व अग्रवाल, नीरव तिवारी,अद्विक सिंह सेंगर, राघव अग्निहोत्री यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्ग में महवीन अंसारी, निया मोजरकर, आरना ठाकुर और वंशिका शुक्ला शामिल हैं। टीम के कोच मिराज (एन. आई. एस. कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी) एवं मेनेजर अपर्णा पांडे व एस. कच्छवाहा है।

### घंटों बाद भी सॉफ्ट रहेगी पूड़ी

पूड़ी बनाने के लिए उसका आटा सही ढंग से गूंथा होना चाहिए। उसकी बनावट कुरकुरी होनी चाहिए। सही टेंपरेचर पर तली हुई होनी चाहिए और कई घंटों तक पूड़ी सॉफ्ट रहे, यह भी जरूरी है। हालांकि, पूड़ी को मुलायम बनाए रखना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। अक्सर कुछ घंटों के बाद कुरकुरी पूड़ी सख्त हो जाती है। नरम, फूली हुई पूड़ी बनाने के लिए, आपको अपने आटे में दो मुख्य सामग्री डालनी चाहिए। वो चीजें क्या हैं, आइए इस लेख में जानें।



#### पहली सामग्री दही

पूड़ी के आटे में दही मिलाना एक पारंपरिक तरीका है जो आटे को नरम बनाता है और इसमें हल्का-सा टैंगी स्वाद भी जोड़ता है। दही की प्राकृतिक अम्लता और नमी आटे को हाइड्रेट करती है। साथ ही, आटे में मौजूद ग्लूटेन को तोड़ने में भी मदद करती है, जिससे इसकी बनावट नरम हो जाती है। दही की अम्लता आटे के प्रोटीन को नरम बनाती है, जिससे आपको नरम पूड़ी मिलती है।

कार्नर न्यूज

## मल्टीपल मायलोमा के लक्षण और कारण के बारे में जानना जरूरी

# मल्टीपल मायलोमा ने छीन लिया हमसे 'बिहार कोकिला' को, तेजी से पांव पसार रही यह बीमारी

'बिहार कोकिला' शारदा सिन्हा मल्टीपल मायलोमा नामक ब्लड कैंसर से जूझ रही थीं। साल 2018 में उन्हें इसका पता चला था। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं और अस्पताल में भर्ती थीं। आइए इस बीमारी के बारे में जानते हैं। भोजपुरी, मैथिली और हिंदी भाषाओं में अपने गीतों के लिए मशहूर 'बिहार कोकिला' शारदा सिन्हा का मंगलवार 5 नवंबर को निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं और अस्पताल में भर्ती थीं। मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक शारदा सिन्हा मल्टीपल मायलोमा नामक ब्लड कैंसर से जूझ रही थीं। सोमवार 4 नवंबर को उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। उन्होंने दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली।



### मल्टीपल मायलोमा के बारे में जानिए

मल्टीपल मायलोमा एक प्रकार का कैंसर है जो प्लाज्मा सेल नामक सफेद रक्त कोशिका में बनता है। स्वस्थ प्लाज्मा सेल्स एंटीबॉडी बनाकर संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं। मल्टीपल मायलोमा तब होता है जब स्वस्थ कोशिकाएं असामान्य कोशिकाओं में बदल जाती हैं। ये कोशिकाएं असामान्य एंटीबॉडी बनाने लगती हैं जिसे एम प्रोटीन्स कहा जाता है। मल्टीपल मायलोमा की स्थिति में आपमें लक्षण नजर आएं ये भी जरूरी नहीं है। हालांकि रक्त परीक्षण के आधार पर इस स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। मल्टीपल मायलोमा का इलाज नहीं किया जा सकता है, उपचार में सिर्फ कैंसर को बढ़ने से रोकने और लक्षणों को कम करने का प्रयास किया जाता है।

### कैसे जानें किसी को है ये बीमारी?

मल्टीपल मायलोमा एक दुर्लभ बीमारी है। हर साल एक लाख लोगों में से लगभग सात लोगों को ये समस्या होती है। मल्टीपल मायलोमा पुरुषों को अधिक प्रभावित करता है और 40 से 70 वर्ष की आयु वालों में इसका खतरा अधिक देखा जाता है। समय पर इसके लक्षणों का पता चल जाने से उपचार की प्रक्रिया आसान होती है और रोगी की जान बचने की संभावना बढ़ जाती है।

मल्टीपल मायलोमा के कारण शरीर में कई प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं जिसपर ध्यान देते रहना जरूरी है। हाथों और पैरों में कमजोरी और सुन्नपन की अनुभूति होना। मल्टीपल मायलोमा रीढ़ की हड्डियों को प्रभावित कर सकता है, जिससे वे सिकुड़ जाती हैं और रीढ़ पर दबाव डालती हैं। रोगी बहुत अधिक थकान महसूस कर सकता है। कुछ लोगों में एनीमिया की भी समस्या हो सकती है। मतली और उल्टी होना, यह हाइपरकैल्सीमिया का संकेत हो सकता है। भूख न लगना और या सामान्य से ज्यादा प्यास लगना जीवाणु संक्रमण होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

### क्यों होती है ये बीमारी?

मायलोमा किस कारण से होता है, ये स्पष्ट नहीं है। मल्टीपल मायलोमा अस्थि मज्जा में प्लाज्मा कोशिका से शुरू होता है। बहुत जल्दी मायलोमा कोशिकाएं बनना शुरू हो जाती हैं। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को मल्टीपल मायलोमा की समस्या रही है उनमें इसका खतरा अधिक हो सकता है। मल्टीपल मायलोमा को रोकने का कोई तरीका नहीं है। अगर आपको मल्टीपल मायलोमा हो जाता है, इलाज के माध्यम से इसको बढ़ने और जटिलताओं को रोकने के लिए ही प्रयास किया जा सकता है।

### क्या है मल्टीपल मायलोमा से बचाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मल्टीपल मायलोमा को रोकने का कोई ज्ञात तरीका नहीं है। शोधकर्ता मायलोमा बनने से रोकने के तरीकों की जांच कर रहे हैं। मल्टीपल मायलोमा लोगों को अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करता है। जिन लोगों में इसका निदान किया जाता है उन्हें नियमित जांच और परीक्षण की आवश्यकता होती है। दिनचर्या और आहार को ठीक रखकर लक्षणों को बिगड़ने से रोकने में मदद मिल सकती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## परदे पर फिर जमेगी रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन की जोड़ी

एमसीयू की फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन साथ नजर आए। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही है। इस



एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर इन दोनों सितारों के फैंस खुश हो जाएंगे। दअरसल, रयान रेनॉल्ड्स एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें वे अपने 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' फिल्म के सह-अभिनेता ह्यू जैकमैन और निर्देशक शॉन लेवी के साथ काम करेंगे। यह मार्वल्स की फिल्म नहीं है। खुद रेनॉल्ड्स ने कहा है कि एमसीयू से इस फिल्म का कोई लेना-देना नहीं है। रयान रेनॉल्ड्स ने हाल ही में वैराइटी के साथ इंटरव्यू में अपनी योजनाओं के बारे में बातचीत की है। उन्होंने बताया कि वे करीब एक साल से फिल्म लिख रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं एक साल से फिल्म लिख रहा हूं। ये फिल्म मैं अपने, ह्यू जैकमैन और शॉन लेवी के लिए लिख रहा हूं। हालांकि, यह मार्वल की फिल्म नहीं है'। फिल्म से जुड़ी अन्य जानकारी अभिनेता ने गुप्त रखी हैं। उनके विषय में अधिक ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, अगले प्रोजेक्ट को लेकर उनके उत्साह ने जरूर कुछ संकेत दिए हैं। फिलहाल इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं है कि किसी स्टूडियो की तरफ से इस प्रोजेक्ट को हरी झिंडी मिली है या नहीं। लेकिन, 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की सफलता को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह हॉलीवुड की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक साबित होगी।

### टॉलीवुड

## कई बार टलने के बाद फिर हुआ 'थंडेल' की रिलीज डेट का ऐलान, नया पोस्टर भी जारी

'थंडेल' नागा चैतन्य की नई फिल्म है, जिस पर पिछले एक साल से काम चल रहा है। निर्माताओं ने शुरू में इस फिल्म को दशहरा के मौके पर रिलीज करने




की योजना बनाई थी, लेकिन शूटिंग पूरी न होने के कारण चीजें बदल गईं। फिर, खबर आई कि निर्माताओं ने संक्रांति 2025 को रिलीज करने की योजना बनाई थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका क्योंकि कई बड़ी फिल्मों ने अपनी रिलीज की तारीख लॉन्च कर दी है। हालांकि, अब 'थंडेल' के निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज की तारीख का एलान कर दिया है।

निर्माताओं ने आखिरकार आज फिल्म रिलीज की तारीख तय कर दी है। नई अपडेट के अनुसार, 'थंडेल' अब 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक प्रेस मीटिंग आयोजित की और रिलीज की तारीख की घोषणा की। इस अवसर पर फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू मौजूद थी। साई पल्लवी इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं और उन्हें इस एक्शन ड्रामा में अभिनय करने के लिए मोटी रकम दी गई है। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए भी फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है। फिल्म के नए पोस्टर में नागा चैतन्य और साई पल्लवी एक दूसरे को गले लगाए हुए नजर आ रहे हैं। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'प्यार के किनारे से भावनाओं से भरे सागर तक जाने के लिए तैयार हो जाइए। 'थंडेल' ग्रैंड रिलीज 7 फरवरी, 2025 को दुनिया भर में होगी।' नागा चैतन्य इस फिल्म में एक मछुआरे की भूमिका निभा रहे हैं और यह पहली बार है, जब वह एक ग्रामीण किरदार निभा रहे हैं। किरदार का आर्क बहुत बढ़िया है और उन्हें अभिनय करने का भरपूर मौका देता है। अल्लू अरविंद ने इस फिल्म का निर्माण 60 करोड़ रुपये के बजट पर किया है ।

### भोजपुरी

## पहली बार छठ कर रहीं अक्षरा यूजर्स ने उठाए कई सवाल

बुधवार 5 नवंबर से महापर्व माने जाने वाले छठ पर्व की शुरुआत हुई और इसका समापन 8 नवंबर को होगा। इस बार भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह भी



छठ व्रत रख रही हैं। यह उनका पहला व्रत है। भोजपुरी अदाकारा और गायिका अक्षरा सिंह इस बार छठ पर्व मना रही हैं। अभिनेत्री पहली बार छठ व्रत कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी है। वे निजी रूप से हर तैयारी खुद कर रही हैं। एक तरफ अक्षरा के फैंस इस बात से बेहद खुश हैं और उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। वहीं, कुछ लोग उन पर सवाल उठा रहे हैं। अक्षरा को सीख दे रहे हैं कि 'हमारे यहां बिना शादी के लड़कियां छठ व्रत नहीं करती हैं'। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा की है। इसमें वे अपने प्रथम छठ व्रत के लिए तैयारी कर रही हैं। प्रसाद बनाने के लिए गेहूं धोती और सुखाती दिख रही हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'पहले छठ की शुरुआत'। अक्षरा के इस पोस्ट पर कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, 'हमारे यहां बिना शादी के कोई छठ पूजा नहीं करता है। आप बिना शादी के छठ पूजा क्यों कर रही हैं?' एक अन्य पोस्ट में अक्षरा ने लिखा है, 'आज तक देखा था, सुना था इस छठ मां के महान पर्व को। आज जब मैं खुद इस पर्व को एक व्रती बनकर कर रही हूं और छोटे-छोटे नियमों को सीख रही हूं तो कहीं डर, खुशी, उत्साह और जो भाव मैं महसूस कर रही हूं और मेरा दिल कह रहा है जय छठी मईया'।

### नए दौर का रुझान




फ़ैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया के साथ साझेदारी में लैक्मे फ़ैशन वीक का 49वाँ संस्करण हाल ही में मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पाँच दिनों तक चला। यह कार्यक्रम भारत के फ़ैशन डिज़ाइनरों के बेहतरीन काम को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जो 2024 सीज़न के लिए रुझानों की एक झलक पेश करता है।

## आपकी त्वचा को निखारेंगे उबटन,जानें तरीका

अपनी त्वचा को सवांरने के लिए उबटन का इस्तेमाल करती हैं। जरूरी है कि इसे बनाने का सही तरीका सीखें

### हल्दी और बेसन का उबटन


ये उबटन बनाने के लिए 2 चम्मच बेसन, एक चुटकी हल्दी, 1 चम्मच दूध या दही, और कुछ बूंदे गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए इन सभी चीजों को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद हल्के हाथों से मलते हुए पानी से धो लें। यह उबटन दाग-धब्बों को कम करता है, रंगत को निखारता है।

### चंदन और गुलाब जल का उबटन

दूसरा उबटन बनाने के लिए 1 चम्मच चंदन पाउडर, कुछ बूंदे गुलाब जल का इस्तेमाल करें। इसे तैयार करने के लिए चंदन पाउडर में गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद धो लें। चंदन त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और गुलाब जल से त्वचा को ताजगी और चमक मिलती है।

### बादाम और दूध का उबटन

इसे तैयार करने के लिए आपको 5-6 भिगोए हुए बादाम, 1 चम्मच दूध की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले भीगे हुए बादाम को पीसकर पेस्ट बना लें और उसमें दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद हल्के हाथों से मसाज कर धो लें। यह उबटन त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाता है।



### मुल्तानी मिट्टी और खीरे का रस का उबटन

चौथा उबटन बनाने के लिए 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी और 1 चम्मच खीरे का रस का इस्तेमाल करें। इसके लिए दोनों को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद धो लें।

### ओट्स और शहद का उबटन

इसे तैयार करने के लिए 1 चम्मच ओट्स पाउडर, 1 चम्मच शहद और कुछ बूंदे नींबू का रस इस्तेमाल करें। उबटन बनाने के लिए सबसे पहले इन सभी को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर सर्कुलर मोशन में मसाज करें। 15 मिनट बाद पानी से धो लें। यह उबटन त्वचा को एक्सफोलिएट कर साफ करता है।

## सेलेब्स जैसा लुक पाने वियर करें लेटेस्ट डिजाइंस की ओम्ब्रे साड़ियां




शादी में पहनने के लिए साड़ी आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी। जिन्हें आप सस्ते दाम में मार्केट से खरीद सकती हैं। लेकिन, अगर आपको शादी में सेलेबस जैसा लुक चाहिए तो आप ये ओम्ब्रे साड़ी वियर कर सकती हैं। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाली ओम्ब्रे साड़यिां दिखा रहे हैं जो आप शादी में वियर कर सकती हैं। वहीं हम आपको इन्हें स्टाइल करने का तरीका भी बताएंगे जो सेलेबस जैसा लुक पाने के लिए परफेक्ट हो सकते हैं।

### एम्ब्रॉयडरी ओम्ब्रे साड़ी

शादी में सेलेबस जैसा लुक पाने के लिए आप इस तरह की ओम्ब्रे साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया है साथ ही लाइट कलर में है। इस तरह की साड़ी आप शादी में पहन सकती हैं और इस तरह की साड़ी को आप 1,500 से 2,000 रुपये में खरीद सकती हैं। इस साड़ी के साथ आप हाफ या स्लीवलेस ब्लाउज के साथ स्टाइल कर सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप चोकर स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आप इस तरह की साड़ी का चुनाव कर सकती हैं जो न्यू लुक पाने के लिए एक दम परफेक्ट ऑप्शन बन सकती है।

### मिरर वर्क ओम्ब्रे साड़ी

रॉयल लुक के लिए आप इस तरह की मिरर वर्क साड़ी का चुनाव कर सकती है। यह साड़ी सिल्क फैब्रिक में है और इस साड़ी में बेहद ही खूबसूरत मिरर वर्क किया हुआ है। इस साड़ी को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन लेकर शादी में रॉयल लुक पाने के लिए स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी आपको 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में मिल जाएंगी। इस साड़ी के साथ आप मिरर वर्क ज्वेलरी साथ ही फुटवियर में फ्लैट्स पहन सकती हैं।

### स्टोन वर्क ओम्ब्रे साड़ी

यह स्टोन वर्क ओम्ब्रे साड़ी भी आप शादी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस साड़ी में बेहद ही खूबसूरत बीड और स्टोन वर्क किया हुआ है। इस साडी को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन ले सकती हैं।

## आपके हाथों पर खूब जचेंगी ये फैंसी डिजाइन की अंगूठियां, आजमाएं इन्हें

तैयार होना हम सभी पसंद करते हैं। इसके लिए हम आए दिन नए से नए फैशन के दौर में चल रही चीजों को स्टाइल करते हैं। बदलते फैशन के दौर में आजकल स्टेटमेंट रिंग पहनना हम सभी पसंद करते हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन अंगूठियों की खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही इन अंगूठियों को आकर्षक तरीके से स्टाइल करने के आसान टिप्स भी जानिए-

### पर्ल रिंग डिजाइन

फैशन ट्रेंड में एवरग्रीन पर्ल यानी मोती को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इसमें आपको व्हाइट के अलावा ऑफ व्हाइट कलर में काफी खूबसूरत डिजाइन वाली अंगूठी देखने को मिल जाएंगी। वहीं आपको अलग-अलग साइज के सिंगल स्टोन से लेकर पर्ल में कई डिजाइंस की अंगूठी देखने को मिल जाएंगी।

### ग्रीन एमरल्ड रिंग डिजाइन

ग्रेन कलर लगभग हर तरह की ड्रेस के साथ में आसानी से मैच कर जाता है। इसमें आपको काफी स्टाइलिश डिजाइन की स्टेटमेंट



रिंग देखने को मिल जाएंगी। ग्रीन के अलावा आप इसमें मैरून कलर की अंगूठी हाथ की केवल एक उंगली में पहन सकती हैं। देखने में इस तरह की स्टेटमेंट रिंग आपको काफी रॉयल लुक देने का काम करेंगी।

### गोल्डन कलर रिंग डिजाइन

रॉयल और स्टेटमेंट लुक के साथ-साथ यह कलर लगभग हर तरह की साड़ी और सूट के साथ में मैच कर जाता है। इस तरह की अंगूठी आपको फ्लावर या गोल शेप में मिल जाएगी। वहीं इसमें आप चाहें तो अपनी पसंद का स्टोन या जेम भी डलवाकर उंगली में पहन सकते हैं।

## पहनते वक्त टूट जाती हैं कांच की चूड़ियां तो अपनाएं ये आसान टिप्स

अगर आप भी कांच की चूड़ी पहनते वक्त सिर्फ इस बात से डरती हैं, कि कहीं ये टूट न जाए तो अब डरना बंद कर दें। आपको कुछ ऐसी ट्रिक्स के बारे में जानना चाहिए, जिसको फॉलो करने के बाद आपकी चूड़ी नहीं टूटेगी।

**मॉइश्चराइजर :** अगर कांच की चूड़ी आपके हाथ में टाइट आ रही है तो आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हुए चूड़ी पहनें। इसके लिए आप कोई भी मॉइश्चराइजर इस्तेमाल कर सकती हैं। मॉइश्चराइजर की जगह आप नारियल का तेल भी लगा सकती हैं। इसके लिए बस आप चूड़ी पहनने से पहले हाथ में मॉइश्चराइजर लगा लें और फिर चूड़ी पहनें।

**साबुन, फेस वॉश या शैम्पू लगाएं:** अगर आपको कांच की चूड़ियां पहनने में मुश्किल आती है तो दादी-नानी का नुस्खा अपनाएं और चूड़ियां पहनने से पहले हाथ में साबुन, शैम्पू या फेस वॉश लगा लें, इससे चूड़ियां झट से हाथ में चली जाएंगी।

**एलोवेरा जेल:** अगर आपको कांच की चूड़ी पहनने में मुश्किल आती है तो आप एलोवेरा जेल भी



हाथ में लगा सकती हैं। इसकी मदद से आसानी से हाथ में चूड़ियां चली जाएंगी। इसको हाथ में अच्छे से लगाएं और फिर चूड़ियों को पहनें।


**हाथ में पहन लें पॉलीथिन:** अगर चूड़ियां पहनने में दिक्कत होती है और आसानी से चूड़ी हाथ में नहीं जाती तो पॉलीथिन पहन लें, ऐसा करने से चूड़ी हाथ में आसानी से चली जाएगी और टूटेगी भी नहीं।

### कार्नर न्यूज

### सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी रखते हैं अपने चेहरे का ख्याल

## मेंस फैशन में चेहरे की रौनक बढ़ाने बेहद साधारण उपाय से मिल जाएगा शानदार लुक

*आज के समय में चेहरे का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। जब आप बाहर होते हैं, तो हवा में मौजूद धूल और कण आपके चेहरे पर जमा हो जाते हैं। मेंस फैशन में तो इस पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है क्योंकि बाहर कामकाज की वजह से ज्यादातर धूल और धूप में रहना होता है। इसके अलावा, पसीने के साथ-साथ त्वचा से निकलने वाले तेल और धूल एक साथ मिलकर गंदगी बना सकते हैं। ऐसे में चेहरे का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी है।*



**जरूरत:** इसके लिए गुलाब जल का करें इस्तेमाल। दिनचर्या में गुलाब जल को करें शामिल। त्वचा के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी बेहद उपयोगी है गुलाब जल।

**चेहरा साफ कैसे करें:** दिन में दो बार (सुबह और शाम) हल्के फेसवाश से चेहरे को धोएं। यह गंदगी और अतिरिक्त तेल हटाने में मदद करता है। हफ्ते में 1-2 बार स्क्रब का उपयोग करें। इससे मृत कोशिकाएं हटती हैं और त्वचा ताजगी महसूस करती है। चेहरे को नमी देने के लिए अच्छे मॉइस्चराइज़र का उपयोग करें। यह त्वचा को नरम और हाइड्रेटेड रखता है।

**गुलाब जल का करें इस्तेमाल:** अपने कई लाभकारी गुणों के लिए जाना जाने वाला गुलाब जल आपकी त्वचा के स्वास्थ्य और रूप-रंग को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

यह न केवल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है, बल्कि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण भी हैं जो जीवंत और स्वस्थ त्वचा को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। इसके अलावा यह त्वचा को हाइड्रेट करने और प्राकृतिक चमक लाने का काम करती है।

**दिनचर्या में गुलाब जल को करें शामिल:** चमकदार और साफ़ त्वचा पाने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अपनी त्वचा की देखभाल की दिनचर्या में गुलाब जल को शामिल करना एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। मुंहासों से निपटने और काले घेरों को कम करने की इसकी क्षमता त्वचा की देखभाल के समाधान के रूप में काफी प्रभावशाली है।

जब आप अपनी दैनिक त्वचा देखभाल दिनचर्या के



हिस्से के रूप में लगातार इसका इस्तेमाल करते हैं, तो गुलाब जल त्वचा की समस्याओं को काफी हद तक कम कर सकता है, जिससे आपकी त्वचा बेहतरीन दिखती है।

**त्वचा के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी:** गुलाब जल को अपनी स्किनकेयर रूटीन में शामिल करना सीधा-सादा है और इससे बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। सबसे सरल तरीकों में से एक है इसे क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करना है।